दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
वर्षः 2 | अंकः 261 जयपुर, गुरुवार, 31 अगस्त, 2023 | श्रावण, शुक्ल पक्ष- पूर्णिमा, विसं 2080 पृष्ठः 10 | मूल्यः 2.00
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

**जरूरी खबर**

### IPS नीना सिंह को डीजी CISF का अतिरिक्त प्रभार



**जयपुर।** आईपीएस की 1989 बैच की अधिकारी नीना सिंह को सीआईएसएफ महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया हैं। सीआईएसएफ के डीजी शील वर्धन सिंह गुरुवार को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। गृह मंत्रालय इस आशय का आदेश जारी किया। नीना सिंह वर्तमान में सीआईएसएफ में विशेष महानिदेशक के पद पर हैं। सीआईएसएफ को नागरिक हवाई अड्डों, दिल्ली मेट्रो और एयरोस्पेस और परमाणु क्षेत्र में संवेदनशील प्रतिष्ठानों की सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है। नीना सिंह राजस्थान कैडर से हैं। उनके पति भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी रोहित कुमार सिंह केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के सचिव हैं।

### कांस्टेबल की हत्या का दूसरा आरोपी भी गिरफ्तार



**जयपुर।** दौसा में कांस्टेबल प्रहलाद सिंह हत्याकांड के दूसरे आरोपी को पुलिस ने बुधवार को भरतपुर से गिरफ्तार का लिया है। एसपी दौसा वंदिता राणा ने बताया कि आरोपी सौरभ जाट (19) पुत्र दिलीप सिंह निवासी सूरौठ, करौली डीएसटी के कांस्टेबल प्रहलाद सिंह पर फायर कर हत्या करने के मामले में फरार चल रहा था। आरोपी को पुलिस ने भरतपुर में थाना हलैना क्षेत्र के बड़ागांव सरसेना इलाके से डिटेन कर बापर्दा गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी सौरभ से पूछताछ कर रही है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**मासूमों का दर्द न जाने कोय...** नाता प्रथा, बेरोजगारी और नशे का दंश झेल रहे बच्चे

# मां-बाप के होते अनाथों की तरह बदहाल 'नौनिहाल'

ग्राउंड रिपोर्ट
**बेधड़क एक्सक्लूसिव**

- उदयपुर के आदिवासी बहुल इलाके झाड़ोल, फलासिया व कोटड़ा में त्रस्त बच्चे
- कई परिवारों के बच्चे पल रहे दया दिखाने वाले पड़ोसियों के भरोसे



ओम प्रकाश शर्मा | बेधड़क

**जयपुर।** उदयपुर के झाड़ोल, फलासिया और कोटड़ा क्षेत्र के गांवों में मां-बाप होते हुए भी कई मासूम अनाथों जैसा जीवन जीने को मजबूर हैं। उनकी आंखें रो-रोकर सूख चुकी हैं। कुछ पड़ोसियों की मदद से पेट तो भर जाता है, पर अपनों को देखने के लिए आंखें तरसती रहती हैं। इस आदिवासी इलाके के अनगिनत घरों के बच्चों के दर्द को कम करने वाला, उन्हें सीने से लगाकर दुलारने वाला कोई नहीं है। इन बेबस बच्चों की उम्र 1 साल से 10 साल तक है। ये दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। वजह है, नाता प्रथा, बेरोजगारी और नशा।

**'सच बेधड़क'** ने जब ग्राउंड पर ऐसे मासूम बच्चों के दर्द को जाना तो रोंगटे खड़े करने वाली यह हकीकत सामने आई। पड़ताल में सामने आया कि ऐसे बच्चों के पिता मजदूरी के लिए गुजरात व मध्यप्रदेश चले जाते हैं। कई माह तक घर नहीं लौटते। घर पर जब कभी आते हैं तो गायब ही रहते हैं। ऐसे की जिम्मेदारी संभाल रही बच्चों की मां परिवार का पालन-पोषण नहीं कर पा रही है और बच्चों को अकेले ही घरों में छोड़कर किसी अन्य व्यक्ति के साथ नाता करके अपना दूसरा घर बसा लेती है। जिस परिवार में ऐसा हुआ, उसके बच्चे भगवान के भरोसे छोड़ दिए जाते हैं और अनाथों सी जिंदगी जीने को मजबूर हो जाते हैं। जब भूख लगती है तो वे पड़ोसियों से खाना मांगकर, जैसा भी लूखा-सूखा मिलता है, खाकर पेट भरते हैं। कई बार तो उन्हें एक वक्त खाने या भूखा सोने को मजबूर होना पड़ता है।



## अपने छूटे, नाते और सपने टूटे...

### 10 साल की बहन पर दो बच्चों की जिम्मेदारी



फलासिया कस्बे के बिजली गांव में रहने वाली 10 साल की जमुना पर दो छोटे भाइयों का पालने की जिम्मेदारी आ गई। उसके पिता पप्पू मजदूरी करते हैं, जो 3 से 4 दिन में एक बार घर आते हैं, जबकि मां अमरी ने 6 माह पहले उनको छोड़ किसी अन्य व्यक्ति के साथ नाता करके अपना घर बसा लिया। वैसे, अमरी कहां गई इसकी जानकारी किसी को नहीं है। आस-पास में रहने वाले जमुना और उसके मासूम भाइयों को यह दिलासा देकर शांत कर देते हैं कि उनकी मां मामा के घर पर गई हुई है, आ जाएगी। तीनों मासूम बच्चे आस-पास के घरों खाना मांगकर अपना पेट भर रहे हैं और अनाथों-सा जीवनयापन कर रहे है। जमुना से पूछा तो उसने मासूमियत से कहा कि उनकी मां मामा के घर गई है। तीनों बच्चों को मां की याद तो आती है, लेकिन उनकी आंखें रो-रोकर सूख गई। भाई डेढ़ साल को मुन्ना घर से बाहर कोई महिला गुजरती है तो वह उसे ही मां समझकर रोने लगता है, तब जमुना पड़ोस के बच्चों के पास ले जाकर उसका ध्यान भटका कर उसे शांत कराती है।

### पिता की मौत... मां छोड़ गई घर

पांच बेटियों पिता झाड़ोल के लक्ष्मीकांत की बीमारी से मौत हो गई। इनमें से दो बेटियों की शादी हो चुकी है। लक्ष्मीकांत की मौत के बाद पत्नी केशरी पर तीन बेटियों का पालन-पोषण करने की जिम्मेदारी आ गई। आठ माह पहले केशरी तीनों बेटियों को छोड़कर किसी अन्य व्यक्ति के साथ नाता कर घर बसा लिया।

अब बेटी तारा और रेखा पड़ोसियों से खाना मांगकर पेट भरकर अनाथों की भांति जी रही हैं। अब तीनों बेटियां मां की राह देखते हुए थक चुकी हैं, फिर भी उम्मीद लगाए घर के आंगन में बैठी रहती है।



### पड़ोसी ने संभाला, फिर भेजा अनाथालय

झाड़ोल कस्बे में रहने वाला देवीलाल मजदूरी के नाम पर गुजरात चला गया। देवीलाल के तीन बेटे हैं। छोटे बेटे की उम्र डेढ़ साल, दूसरे नंबर के बेटे की तीप साल और सबसे बड़े बेटे की उम्र पांच साल है। देवीलाल के घर नहीं आने से परेशान होकर उसकी पत्नी मिरकी तीनों बच्चों को जर्जर हो रहे है घर में छोड़कर चली गई। दो दिन तक भूखे-प्यासे बच्चे नंगे ही दर-दर भटकते रहे हैं। यह देख पड़ोसी रामलाल का दिल पसीजा तो उसने 10 दिन तक तो सार संभाल की, फिर तीनों बच्चों को शिक्षक दुर्गाराम मुवाल के सहयोग से अनाथालय में भेज दिया।

> आदिवासी बाहुल्य इलाके के कई गांवों में अनगिनत बच्चे अनाथों की जिंदगी जीने को मजबूर हैं। मैंने ऐसे 15-20 बच्चों को तो अनाथ आश्रम व आवासीय विद्यालयों में दाखिला दिला दिया है, जबकि सैकडों बच्चे अनाथों की भांति अब भी अपने घरों में ही जिंदगी जी रहे हैं और पड़ोसियों से खाना मांगकर जीवनयापन कर रहे हैं।
> **- दुर्गाराम मुवाल, शिक्षक**

**मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने न्यायपालिका पर खड़े किए सवाल**

# ज्यूडिशियरी में भयंकर भ्रष्टाचार, सुना है वकील तो जजमेंट लिखकर ले जाते हैं

- गहलोत ने कहा- विधानसभा-लोकसभा चुनाव एक साथ होते हैं, तो भी हम तैयार

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि आज ज्यूडिशियरी में भयंकर भ्रष्टाचार हो रहा है। मैंने सुना है कि कई वकील तो जजमेंट लिखकर ले जाते हैं, वही जजमेंट आता है।

ज्यूडिशियरी के अंदर यह क्या हो रहा है? चाहे लोअर ज्यूडिशियरी हो या अपर। हालात गंभीर हैं। देशवासियों को सोचना चाहिए।



### हमने हिन्दुओं के लिए जो फैसले किए, वो कोई नहीं कर सकता

गहलोत ने कहा कि हिंदुओं के लिए जो हमने किया, वह कोई नहीं कर सकता। गाय माता के लिए हमने जो फैसले किए हैं, कोई नहीं कर सकता। हम गोमाता के लिए 3 हजार करोड़ रुपए खर्च कर रहे हैं। लंपी रोग में मरने वाली गाय के लिए 40 हजार दे रहे हैं। देश में कौन दे रहा है। वैदिक स्कूल हम बना रहे हैं। पहला संस्कृत विश्वविद्यालय हमने बनवाया।

गहलोत ने बुधवार को मीडिया से कहा कि मेरी सिफारिश से भी जज बनने वालों से मैंने जिंदगीभर बात नहीं की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीबीआई, ईडी, इनकम टैक्स बिना असेसमेंट किए हुए लोगों के घरों में घुस रही है। आपकी अंतरात्मा, आपका परिवार, आपका जमीर, क्या इसकी गवाही दे रहा है? गहलोत ने कहा कि आरएसएस अपने चाल, चरित्र, चेहरे की बात करता था। ये खुद कहते थे कि हम अलग हैं। आज उनका चाल, चरित्र, चेहरा कहां चला गया? उन्होंने कहा कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ होते हैं तो भी हम पूरी तरह तैयार हैं। केंद्र की सरकार कुछ भी करवा सकती है।

**टोंक के डिग्गी में फैला तनाव: बाजार किए बंद**

# धर्म नगरी में महंत सियाराम दास महाराज की निर्मम हत्या

दस घंटे के प्रयास के बाद प्रशासन व ग्रामीणों में बनी सहमति

बेधड़क | टोंक

जिले के डिग्गी कस्बे में भूरिया महादेव बाबा धाम के संत सियाराम दास महाराज (93) की मंगलवार रात अज्ञात बदमाशों ने हत्या कर दी। इसका पता बुधवार सुबह लोगों को तब लगा जब वे मंदिर गए।

महंत के शव को देखकर लोग दंग रह गए। कुछ ही देर में लोग जमा हो गए और बाजार बंद कर दिए। लोग हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मंदिर के बाहर धरने पर बैठ गए।



इसकी सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 50 साल से करौली जिले के रहने वाले महंत सियाराम दास महाराज धाम में अकेले ही रहते थे। उनकी रात में हत्या हो गई।

### मौके पर पहुंचा जाब्ता

सूचना मिलने मालपुरा एएसपी पुष्पेंद्र सिंह, डीएसपी सुशील मान सहित भारी जाब्ता मौके पर पहुंचा और लोगों को समझाने का प्रयास किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए सुबह 10 बजे एसपी राजर्षि भी पहुंचे। उन्होंने हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की। इसके बाद प्रशासन व ग्रामीणों में सहमति बनी। समझाइश करीब 10 घंटे चली। बहरहाल, इसके बाद ग्रामीणों ने सियाराम बाबा को अंतिम विदाई दी।

**'इंडिया' गठबंधन की मुंबई में बैठक आज से**

# शरद पवार बोले, ऐसा मजबूत विकल्प देंगे, जिसे हराना होगा असंभव

- 31 अगस्त और 1 सितंबर को होगी दो दिवसीय बैठक
- सीटों के बंटवारे और संयोजक के नाम पर हो सकता है मंथन
- बैठक में 26 की बजाय 28 दलों के 63 नेताओं के आने का दावा

एजेंसी | नई दिल्ली/मुंबई

विपक्षी दलों के 'इंडिया' गठबंधन की 31 अगस्त और 1 सितंबर को बैठक हो रही है। इस बैठक को लेकर मुंबई के ग्रैंड हयात होटल में बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया है कि विपक्षी दलों के 'इंडिया' गठबंधन की मुंबई में हो रही मीटिंग में 28 राजनीतिक दलों के 63 प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे।

बता दें, बेंगलुरु में गठबंधन में 26 दल थे, जो बुधवार को बढ़कर 28 हो गए हैं। शरद पवार ने इस बात पर भरोसा जताया कि विपक्षी गठबंधन राजनीतिक बदलाव के लिए ऐसा विकल्प पेश करेगा, जिसे हराना असंभव होगा। हालांकि उन्होंने ये भी साफ किया कि गठबंधन में सीटों के बंटवारे पर अभी तक कोई चर्चा नहीं हुई है।



### 31 अगस्त के कार्यक्रम

- 31 अगस्त, शाम 6 बजे- प्रतिनिधियों का स्वागत
- शाम 6:30 बजे- अनौपचारिक बैठक
- रात 8 बजे- उद्धव ठाकरे की मेजबानी में डिनर

### 1 सितंबर के कार्यक्रम

- सुबह 10:15 बजे- ग्रुप फोटो सेशन
- सुबह 10:30-दोपहर 2 बजे तक- लोगो का अनावरण और इंडिया गठबंधन की बैठक
- दोपहर 2 बजे- MPCC और एमआरसीसी की तरफ से लंच
- दोपहर 3:30 बजे- इंडिया गठबंधन की प्रेस कॉन्फ्रेंस

### सोनिया हो सकती हैं शामिल

इस बैठक में 5 सीएम सहित 28 पार्टियों के लगभग 63 नेताओं के पहुंचने की उम्मीद है। इस बैठक में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के भी पहुंचने की संभावना है। चर्चा है कि बैठक में गठबंधन के लिए संयोजक के नाम का ऐलान हो सकता है।

### अकाली दल को दिया न्योता!

तीसरी बैठक से पहले पंजाब की पार्टी शिरोमणि अकाली दल को लेकर सस्पेंस बना हुआ है। सूत्रों से खबर मिली है कि विपक्षी दलों की ओर से अकाली दल को भी इंडिया गठबंधन में शामिल होने के लिए न्योता दिया गया है। इस खबर पर अकाली दल की ओर से किसी तरह का बयान नहीं आया है।

### उठने लगी पीएम का चेहरा बनाने की मांग

बैठक से पहले गठबंधन की ओर से पीएम पद के दावेदार के तौर पर तीन नाम सामने आए हैं। सबसे पहले 'आप' की एक प्रवक्ता ने सीएम अरविंद केजरीवाल को पीएम पद का उम्मीदवार बनाने की मांग की, जिस पर तुरंत दिल्ली की मंत्री आतिशी सिंह और वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने इनकार कर दिया और कहा कि केजरीवाल की ऐसी कोई आकांक्षा नहीं है। इसके बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे को भी पीएम पद का दावेदार बनाए जाने की मांग उठी। ■ पेज 7 भी देखें

## जरूरी खबर

### पवन गोयल ने की अमृता धवन से मुलाकात



**जयपुर।** पीसीसी सदस्य पवन गोयल ने राज प्रदेश कांग्रेस कमेटी सह प्रभारी अमृता धवन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र के बारे में विस्तृत चर्चा की। गोयल ने बताया कि मालवीय नगर विधानसभा से तीन बार हार हुई हैं और भाजपा से वैश्य वर्ग से कालीचरण सराफ ने यह सीट जीती है। इस क्षेत्र में वैश्य वर्ग सर्वाधिक है। गोयल ने कहा कि अगर पार्टी उन्हें टिकिट देती है तो समाज में लगातार सक्रियता से भाजपा का बहुत बड़ा वर्ग उनके साथ आएगा।

### जयपुर डिविजन में रेलवे ने लगाए दो सीनियर डीसीएम

**जयपुर।** रेलवे बोर्ड ने बुधवार को जयपुर डिवीजन में बडा बदलाव किया है। बोर्ड ने बी.सी.एस चौधरी को जयपुर का नया सीनियर डीसीएम बनाया है। ट्रैफिक सर्विस के 2013 बैच के चौधरी के डीसीएम बनने पर दिल्ली, लखनऊ की तरह जयपुर में भी दो सीनियर डीसीएम हो गए है। इससे पहले चौधरी रेलवे क्लेम्स ट्रिब्यूनल (आरसीटी) के एडिशनल रजिस्ट्रार थे। वे जयपुर और अजमेर के एसीएम, मुख्यालय में एससीएम जैसे महत्त्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं। चौधरी के साथ वर्तमान सीनियर डीसीएम मुकेश सैनी नई नियुक्ति तक जयपुर के ही सीनियर डीसीएम रहेंगे। वहीं राजेश जादौन को आरसीटी में एडिशनल रजिस्ट्रार लगाया है।

### ज्यूडिशियरी को भ्रष्ट बताना अशोभनीय: जोशी



**जयपुर।** मुख्यमंत्री गहलोत की ओर से बुधवार को ज्यूडिशरी को लेकर दिए बयान पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि ज्यूडिशियरी, संविधान और केंद्र सरकार पर दिया बयान उनकी हताशा, चुनाव में अपनी हार और अपनी सरकार की गलतियों को छिपाने व जनता को गुमराह करने का उद्देश्य मात्र है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पद पर बैठे व्यक्ति का न्यायपालिका पर इस तरह का बयान यह दर्शाता है कि संविधान और देश की न्याय व्यवस्था में इनका कोई विश्वास नहीं है। सीएम प्रदेश की कानून व्यवस्था को संभालने में विफल रहे हैं।

**भ्रष्टाचार के आरोपों पर आमना-सामना:** वरिष्ठ भाजपा नेता के बयान पर पहली बार केन्द्रीय मंत्री ने किया पलटवार

# कांग्रेस में जाने वाले हैं कैलाश मेघवाल, तभी दे रहे ऐसे बयान

**बेधड़क** | जयपुर/बीकानेर

वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश मेघवाल के केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल पर लगाए गए आरोपों पर सियासत तेज हो गई है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इन आरोपों को लेकर बुधवार को कहा कि मेघवाल पर जो आरोप लगाए हैं, वो सही हैं।

मुझे मालूम पड़ा है कि उनके (अर्जुन राम मेघवाल) वक्त बहुत बड़ा करप्शन हुआ था, उसे दबा दिया गया है। इन लोगों ने हाईकोर्ट से स्टे ले रखा है। इन्होंने किसी की परवाह ही नहीं की। गहलोत ने कहा कि हम तो कभी किसी के

## गहलोत बोले- अर्जुनराम के समय हुआ था भ्रष्टाचार, हम किसी के पीछे नहीं पड़ते





पीछे पड़ते नहीं हैं। ज्यूडिशियरी, आरपीएससी, एसीबी में कभी इंटरफियर नहीं करता हूं। मैंने जीवन में कभी इन संस्थाओं के काम में हस्तक्षेप नहीं किया, न कभी करना चाहिए।

### एक कार्यक्रम में कैलाश मेघवाल ने मुझे टिकट के लिए धमकाया

इधर इस मामले में पहली बार बोलते हुए केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल ने कहा कि कैलाश मेघवाल कांग्रेस में जाने वाले हैं, इसलिए वे ऐसा बयान दे रहे हैं। उनका लक्ष्य किसी भी प्रकार से टिकट प्राप्त करना है, इसलिए वे अब कांग्रेस में जाने के लिए अनगर्ल बयानबाजी कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने बुधवार को 'सच बेधड़क' से कहा कि पिछले दिनों शाहपुरा में एक कार्यक्रम था। उसमें मैं गया था। अर्जुनराम का आरोप है कि कार्यक्रम के दौरान कैलाश मेघवाल ने उनको धमकाया था और कहा कि मुझे टिकट दिलाओगे क्या? यदि टिकट नहीं दिलाया तो मैं तुम्हारी बखिया उधेड़ दूंगा। मैंने कहा, टिकट देना पार्टी का काम है, मेरा काम नहीं है।

### कांग्रेस और मुख्यमंत्री गहलोत की करते हैं तारीफ

केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम ने कहा कि इसी कार्यक्रम में कैलाश मेघवाल ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी की तारीफों को पुल बांध दिए। मुख्य मुद्दा टिकट का है और कैलाश मेघवाल कांग्रेस में जाने को तैयार हैं। तभी वे ऐसी बातें कर रहे हैं। इस बर्ताव के लिए पार्टी ने उनको नोटिस दे दिया है और उसे नोटिस का उनको जवाब देने को कहा गया है। जवाब अगर नहीं दिया तो उनके खिलाफ पार्टी कार्रवाई करेगी। अर्जुन राम मेघवाल ने बताया कि संसद में लोग मेरी ईमानदारी की मिसाल देते हैं। पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने अपनी पुस्तक में लिखा है कि भारत तभी तरक्की करेगा जब अच्छे लोग राजनीति में आएंगे। कलाम ने पुस्तक में कई उदाहरण दिए हैं, पंच, सरपंच, विधायक से लेकर सांसदों के नाम है, उसमें मेरा नाम भी है। मेरी ईमानदारी का इससे बड़ा उदाहरण नहीं हो सकता।

**भाजपा का मिशन चुनाव:** शक्ति प्रदर्शन से करेंगे आकलन

# परिवर्तन यात्रा तय करेगी नेताओं के टिकट, दिखाना होगा दमखम

■ केंद्रीय नेतृत्व के सामने होगी पूरी रिपोर्ट, गुटबाजी पर रहेगी नजर

**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा चुनाव को फतेह करने को लेकर प्रदेश में भाजपा 2 सितंबर से अपनी परिवर्तन यात्रा का आगाज करने जा रही हैं। यह यात्रा न सिर्फ प्रदेश में भाजपा का माहौल तय करेगी, बल्कि नेताओं के टिकट इसी से तय होंगे।

इस यात्रा के दौरान प्रदेश की 200 विधानसभा सीटों पर अपनी-अपनी दावेदारी जता रहे सभी नेताओं को अपना दम-खम दिखाना होगा और यात्रा में समर्थकों के साथ जुटना होगा। इस यात्रा में दावेदारों को अपना शक्ति प्रदर्शन करना होगा।

चुनाव जीतने के लिए उनके पास कितना समर्थन है यह भी भीड़ जुटाकर दिखाना होगा। इसको लेकर प्रदेश भाजपा ने सभी उन दावेदारों को अलर्ट कर दिया है, जिनके नाम बाहरी 5 राज्यों से



आए विधायकों के सामने आए थे। गौरतलब है कि 22 सितंबर तक निकाली जाने वाली परिवर्तन यात्रा में करीब 72 सभाएं होगी। इन यात्राओं में बाहरी राज्यों के नामी नेता जिसमें सासंद, विधायक और केंद्रीय पदाधिकारी शामिल है, उन्हें भी बुलाया जा रहा हैं।

परिवर्तन यात्रा की रूप-रेखा को लेकर भाजपा ने अपनी रणनीति को अंतिम रूप दिया हैं। रणनीति में भीड़ जुटाने और दावेदारों की शक्ति देखने के लिय यह फॉर्मूला तैयार किया हैं।

### गुटबाजी खत्म करने के लिए प्लान

बताया जा रहा है कि यात्रा के रथ पर पहले प्रदेश के नेताओं को सवार किया जाना था, लेकिन भाजपा के एक खेमे की नाराजगी और उसे जिम्मेदारी नहीं देने को लेकर पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने पूरी यात्रा का जिम्मा अपने हाथ में ले लिया। इससे पार्टी को दो फायदे होंगे। एक तो प्रदेश में चुनावों की स्थिति को लेकर क्या माहौल है वह रिपोर्ट उनकी आंखों के सामने होगी। वहीं पार्टी की गुटबाजी कहां तक चुनावों में नुकसान पहुंचा सकती है, इसका भी आंकलन हो जाएगा। साथ ही दावेदारों में कौन-कौन पूरे दमखम के साथ सामने आता है और कौन पर्दे के पीछे से गुटबाजी में भूमिका निभाएगा इसकी रिपोर्ट भी आलाकमान के सामने होगी।

### यात्रा हर विधानसभा क्षेत्रों को करेगी कवर

भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक नारायण पंचारिया की माने तो यात्रा हर विधानसभा सीट तक पहुंचेगी। 2 सितंबर को यात्रा का आगाज रणथंभौर त्रिनेत्र गणेश मंदिर से होगा। इस यात्रा को शुरू करने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा खुद पहुंचेगे। पहली यात्रा सवाई माधोपुर विधानसभा क्षेत्र से शुरू होकर जयपुर, भरतपुर, मालपुरा, टोंक, निवाई, खंडार, बयाना, वैर, नदबई, लालसोट, चाकसू, बस्सी, जमवारामगढ़, विराटनगर, शाहपुरा, आमेर, कामां, देवली सहित कुल 47 विधानसभा सीटों को कवर करेगी। वहीं 3 सितंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आदिवासी क्षेत्र से यात्रा का आगाजी करेंगे। बेणेश्वर धाम (डूंगरपुर) से शुरू होने वाली इस यात्रा का रथ डूंगरपुर, उदयपुर, राजसमंद, चित्तौड़गढ़, कोटा, भीलवाड़ा, प्रतापगढ़, बांसवाड़ा, बूंदी, बारां, झालावाड़ जिलों की कुल 52 विधानसभा सीट को कवर करेगा। वहीं 4 सितंबर को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तीसरे रथ को हरी झंडी दिखाएंगे। इस यात्रा में जैसलमेर, जोधपुर, पोकरण, मेड़ता, डेगाना, शेरगढ़, बिलाड़ा, अजमेर, पुष्कर, नागौर सहित करीब 51 विधानसभा क्षेत्रों को कवर किया जाएगा। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी 5 सितम्बर को परिवर्तन यात्रा के चौथे रथ को गोगामेड़ी हनुमानगढ़ से रवाना करेंगे। इसमें बीकानेर, चूरू, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, सीकर व अलवर जिलों की विधानसभा सीट कवर होगी।

**महंत सियाराम दास बाबा हत्या मामला**

# देश में राजस्थान बना सबसे अपराध ग्रस्त राज्य: पूनियां





**बेधड़क** | जयपुर

टोंक जिले के मालपुरा डिग्गी में 93 वर्षीय महंत सियाराम दास बाबा की हत्या के बाद प्रदेश की राजनीति में एक बार माहौल गरमा गया है। मामले को लेकर उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनियां ने राज्य सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और अशोक गहलोत के राज में जिस तरीके से राजस्थान की बदहाली हुई है, अराजकता हुई है, बहुत डरावने हालात हो गए हैं।

अक्सर थानों पर पंच लाइन लिखी होती है कि 'आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय' राजस्थान में इसका उलटा हुआ है। अपराधों की लगातार फेहरिस्त बढ़ती जा रही है। सात हत्याएं प्रतिदिन यह राजस्थान की कांग्रेस सरकार के शासन की बानगी है। राजस्थान इस समय सर्वाधिक अपराध ग्रस्त राज्य है। पूनियां ने कहा कि व्यक्ति न घर में सुरक्षित है, ना सड़क पर। कुचामन क्षेत्र में जिस तरीके से कुचलकर दो नौजवानों की हत्या की गई, उससे समाज का और शासन का एक दृश्य साफ दिखाई देता है।

### भाजपा ने बनाई जांच समिति

टोंक डिग्गी में संत की हत्या के मामले में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने 3 सांसदों की जांच समिति बनाई हैं। जोशी ने समिति में सांसद सुमेधानंद, बाबा बालक नाथ और सुखवीर सिंह जौनपुरिया को शामिल किया हैं। प्रदेशाध्यक्ष जोशी ने सांसदों को घटनास्थल का तुरंत दौरा कर जांच रिपोर्ट पेश करने को कहा हैं।

**पीसीसी चीफ** डोटासरा ने किया दावा

# मैं लक्ष्मणगढ़ से ही लड़ूंगा चुनाव BJP की परिवर्तन यात्रा होगी फेल

**बेधड़क** | जयपुर

पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने दावा किया कि राज्य की जनता अशोक गहलोत सरकार और उसकी योजनाओं से खुश है। इससे यहां कांग्रेस की सरकार ही रहेगी। इसके साथ ही डोटासरा ने कहा कि मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी की प्रस्तावित परिवर्तन यात्रा 'सुपर फेल' साबित होगी।

क्योंकि यह कोई यात्रा नहीं बल्कि वर्चस्व की लड़ाई है। डोटासरा ने कहा कि राजस्थान में सरकार के कार्यों से जनता खुश है और कार्यकर्ता भी पूरे जोश में हैं।

### राठौड़ को डराने के लिए दिया होगा बयान



वहीं प्रदेश इलेक्शन कमेटी के सदस्य के तौर पर चूरू गए मंत्री राजेंद्र यादव के बयान को लेकर भी डोटासरा ने स्पष्टीकरण दिया कि वे लक्ष्मणगढ़ से ही चुनाव लड़ेंगे। यादव ने कहा था कि जरूरत हुई तो डोटासरा को चूरू से चुनाव लड़वाया जा सकता है। इस पर डोटासरा ने कहा कि यादव ने बयान नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ को डराने के लिए दिया होगा। कांग्रेस ने उन्हें लक्ष्मणगढ़ से चुनाव लड़वाया और लक्ष्मणगढ़ की जनता ने तीन बार आशीर्वाद दिया। इसके चलते वे आज प्रदेशाध्यक्ष की कुर्सी तक पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि मैंने लक्ष्मणगढ़ से ही पार्टी से टिकट मांगा है, अगर पार्टी मुझे टिकट देगी तो मैं लक्ष्मणगढ़ से ही चुनाव लड़ूंगा, नहीं तो जिसे भी कांग्रेस पार्टी योग्य समझेगी उस उम्मीदवार को मैं जीताने का काम करूंगा, लेकिन लक्ष्मणगढ़ के अलावा किसी दूसरी सीट से मैं चुनाव नहीं लड़ूंगा।

### जिताऊ उम्मीदवार को ही मिलेगा टिकट: गोगोई

**जयपुर।** कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गौरव गोगोई की अध्यक्षता में बुधवार को भी संभागवार टिकिट के दावेदारों के साथ मुलाकात की। इसमें भरतपुर, कोटा, जोधपुर और पाली संभाग के नेताओं की बैठक ली। इस दौरान पीसीसी वॉर रूम के बार नारेबाजी और गुटबाजी फिर दिखाई दी। फतेहपुर विधायक हाकम अली के खिलाफ एक गुट ने नारेबाजी कर टिकट नहीं देने की मांग की। वहीं फुलेरा विधानसभा सीट से कांग्रेस का टिकट किसी स्थानीय की देने की मांग रखते हुए टिकट के लिए सभी दावेदार एक साथ नजर आए। अब स्क्रीनिंग कमेटी अध्यक्ष गौरव गोगोई गुरुवार को उदयपुर जाएंगे।

**बिजली किल्लत से** चुनाव में वोट कटने का सता रहा डर

# कटौती से किसान व नेता चिंतित

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में शुष्क मानसून के चलते हो रहीं बिजली कटौती को लेकर किसान और नेता दोनों चिंतित हैं। गावों में अघोषित बिजली कटौती से किसान फसल के खराबे को लेकर तो कांग्रेस नेताओं को विधानसभा चुनाव में वोट कटने का डर सता रहा हैं।

दरअसल मंगलवार को बीस सूत्री कार्यक्रम की रिव्यू बैठक में डॉ. चंद्रभान ने बिजली विभाग के अधिकारियों से कटौती को लेकर वार्ता की।

उन्होंने कहा कि सरकार ने आज सभी वर्ग (गांव और शहरों) के लोगों को बिजली के बिलों में बड़ी राहत दी है। अब हमारी आपकी जिम्मेदारी है कि लोगों को इस छूट का फायदा मिले।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा बिजली कटौती हो रहीं हैं, लेकिन शहरी क्षेत्र में बिजली की कटौती नहीं की जा रहीं हैं। उन्होंने कहा कि बिजली की शॉर्टेज है। शहर के लोगों को भी बिजली किल्लत का पता चलना चाहिए।

### बिजली कटौती से प्रदेश सरकार की छवि खराब होने का खतरा

डॉ चंद्रभान ने कहा कि केवल गांवों में ही लंबी कटौती नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गांवों में सरकार का बड़ा वोटर निवास करता है। ऐसे में उन्हें भी सरकार की इस छूट का उतना ही लाभ मिलना चाहिए, जितना शहर वालों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि बिजली वितरण का मैनेजमेंट सही से हो, इसका ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में लोग रबी की फसल की बुवाई करेंगे, तब बिजली की जबरदस्त डिमांड रहेगी। ऐसे में ध्यान रहे कि गांवों में बिजली की कोई कमी न रहे। इससे सरकार की छवि भी खराब होती है।

**मनाया राखी का त्योहार**

# सीएम ने सरजू देवी से व राज्यपाल ने ब्रह्माकुमारी बहनों से बंधाई राखी

■ भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री को मुस्लिम बहनों ने बांधी राखी

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रक्षाबंधन पर महंगाई राहत कैंप में पहला गारंटी कार्ड प्राप्त करने वाली सरजू देवी से राखी बंधवाई। सीएम गहलोत ने ट्वीट कर कहा कि रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर महंगाई राहत कैंप में पहला गारंटी कार्ड प्राप्त करने वाली हमारी बहनें सरजू देवी और पूजा देवी ने राखी बांधकर सद्भाव जताया। राजस्थान की हर बहन की सुरक्षा, सम्मान व सुगमता हमारी प्राथमिकता है। गौरतलब है कि दो दिन पहले ही सीएम गहलोत ने जोधपुर दौरे के दौरान अपनी बड़ी बहन से राखी बंधवा कर आशीर्वाद लिया था। दो दिवसीय जोधपुर दौरे के दौरान गहलोत ने लाल सागर स्थित अपनी बहन विमला देवी के घर पहुंचकर राखी बंधवाई थी। वहीं मिश्र को बुधवार को रक्षाबंधन पर राजभवन में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों और एसओएस बालग्राम के बच्चों ने राखी बांधी। राज्यपाल ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।





### अल्पसंख्यक मोर्चा की बहनों ने बांधी राखी

भाजपा प्रदेश कार्यालय पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की मुस्लिम बहनों ने हिंदू भाइयों को रक्षासूत्र बांधकर उनकी यश, कीर्ति और उन्नति की कामना करते हुए संपूर्ण देश में अमन, चैन व खुशहाली की दुआ की। मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने कहा कि भाजपा प्रदेश कार्यालय पर संगठन महामंत्री चंद्रशेखर को मुस्लिम बहनों ने तिलक लगाकर कलाई पर रक्षासूत्र बांधा और देश के खुशहाली की कामना की। मोर्चे के कार्यकर्ताओं ने हिन्दू बहनों को रक्षा का वचन देते हुए घर जाकर रक्षासुत्र भी बंधवाया।

### डॉ. अलका गुर्जर ने मोदी को बांधी राखी



भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री डॉ. अलका गुर्जर ने राजस्थान की करोड़ों महिलाओं की तरफ़ से देश के पीएम नरेंद्र मोदी जी को रक्षा सूत्र बांधा।

### महिलाओं के प्रति आदर भाव रखें: राजे

पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने राखी बांधते हुए विडियो को ट्वीट किया है। इसमें उन्होंने लिखा है कि राखी का त्योहार पारिवारिक मूल्यों को बनाए रखने की सीख देता है। मैं नागरिकों से आह्वान करती हूं कि वे महिलाओं के प्रति समाज में आदर भाव रखने के लिए अन्य लोगों को भी जागरूक करें।

**जरूरी खबर**

### नर्सिंगकर्मियों ने धरना स्थल पर बंधवाई राखी



**जयपुर।** राजस्थान नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति के प्रांतीय आह्वान पर चल रहा नर्सेज का धरना बुधवार को 44वें दिन जारी रहा। इस दौरान धरना स्थल पर एसएमएस हॉस्पिटल के गेट नंबर 3 पर भाइयों ने बहनों से राखी बंधवाकर रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। प्रदेश प्रवक्ता अनेश सैनी ने नर्सेज बहनों ने नर्सेज भाइयों की कलाई पर राखी बांध कर उनकी लंबी उम्र और आंदोलन की सफलता की कामना करते हुए उनकी मांगो को मानने की अपील की। इस दौरान मनोज दुब्बी, सोम सिंह मीना, रमेश सैनी, पुरुषोत्तम कुंभज, मनीष शर्मा आदि मौजूद रहे।

### जाते सावन ने भिगोया जयपुर, गर्मी से राहत

**जयपुर।** मानसून ब्रेक के बीच जाते हुए सावन ने लोगों को भिगो दिया। रक्षाबंधन पर्व पर अचानक मौसम में परिवर्तन होने से राजधानी में बुधवार शाम को झमाझम बारिश हुई। बारिश के होने से लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली। करीब आधे घंटे तक हुई बारिश से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। हालांकि शहर में दोपहर तक बारिश के कोई आसार नहीं लग रहे थे, लेकिन शाम होते ही आसमान में बादल छा गए और हवा चलने लगी। शहर के परकोटे, शास्त्री नगर, सी स्कीम, टोंक रोड इलाके में हुई छितराई बारिश ने लोगों के चहरे पर मुस्कान ला दी। मौसम केंद्र जयपुर ने कमजोर मानसून की परिस्थितियां एक सप्ताह तक रहने की संभावना जताई है। मौसम विभाग जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि जयपुर सहित दौसा और आसपास के इलाके में बारिश हुई है। जयपुर शहर में 2.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है। इस बार अगस्त में सामान्य से कम बारिश हुई है, जिसका मुख्य कारण अल-नीनो है।


**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार

आपके दिल की बात अब आपके अख़बार के माध्यम से...

अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं

news@sachbedhadak.com

पर E- Mail करें।


**आज भी बहनें बाधेंगी रक्षासूत्र, रोडवेज बसों में भी महिलाओं का नहीं लगेगा किराया**

## दिन में सूनी रही कलाई, रात में भाई ने राखी बंधवाई

**बेधड़क** | जयपुर

भाई-बहन के पवित्र प्रेम का त्योहार रक्षाबंधन राजधानी में धूमधाम से मनाया गया। हालांकि, बुधवार को दिन में भद्रा होने के कारण दिनभर भाइयों की कलाई सूनी रही, लेकिन रात नौ बजे बाद शुभ मुहूर्त में बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर दीर्घायु की कामना की। परंपरा का निर्वहन करते हुए भाइयों ने बहनों को उपहार भेंटकर जीवनभर रक्षा का संकल्प लिया। ज्योतिषीयों के अनुसार इस बार रक्षाबंधन का त्योहार में पंचममहायोग बन रहा है। यह योग 100 साल बाद आया है।



फोटो: पंकज शर्मा

पूर्णिमा तिथि गुरुवार सुबह तक होने के कारण बहनें गुरुवार को भी राखी बांध सकेंगी। इस दौरान मिठाई की दुकानों सहित गिफ्ट पैलेस पर भी काफी भीड़ रही। बहनों ने अपने भाई के लिए पसंदीदा मिठाई खरीदी तो वहीं भाइयों ने भी बहनों को उनका पंसदीदा गिफ्ट दिलाया।

### केंद्रीय कारागृह में बहनें राखियां लेकर पहुंची

रक्षाबंधन के अवसर पर जेल बंद भाइयों के लिए भी बहनें राखियां लेकर पहुंची। इस दौरान सुबह से ही घाटगेट स्थित केंद्रीय कारागार के सामने बडी संख्या में महिलाएं इकट्ठी हो गई। कुछ महिलाएं अपने राखी बांधते समय भावुक भी हो गई। कई समाजिक संस्थाओं ने भी सामूहिक रक्षासूत्र के लिए आयोजन किया।



### लो फ्लोर में लगा किराया

त्योहार को देखते हुए मुख्यमंत्री ने गुरुवार को भी रोडवेज बस में महिलाओं को यात्रा निशुल्क कराने के आदेश दे दिए हैं। बुधवार को महिलाओं को राखी पर रोडवेज बसों में निशुल्क यात्रा कराई गई। इस दौरान सिंधी केम्प और नारायण सिंह बस स्टेंड पर महिलाएं बसों में यात्रा करती नजर आई, वहीं दूसरी ओर लो फ्लोर बसों में यात्रा करने पर महिलाओं को पैसे देने पड़े।



सिंधी कैंप पर भीड़



गोविंद के बांधी राखी

**हेरिटेज... समस्याओं का लगा अंबार, सुध लेने वाला कोई नहीं**

## भाजपा पार्षद विधायकी में तो कांग्रेसी अपनी लड़ाई में उलझे

**बेधड़क** | जयपुर

शहर के बढ़ते आकार पर आमजन की सुविधा के लिए बनाया गया हेरिटेज निगम इन दिनों भगवान भरोसे ही चल रहा है। जिन 100 पार्षदों में ढाई साल पहले जनता में अपनी पलकों पर बिठाया था, आज वे ही हेरिटेज निगम से दूर भाग रहे हैं। ढाई साल पहले पार्षद बनने की लालसा में नेताओं ने अपने वार्ड की जनता से वादे तो बड़े बड़े कर दिए, लेकिन अब वे नेता पार्षद बनने के बाद अपनी महत्वाकांक्षा में आम जन को भूले जा रहे हैं।

हालात इतने खराब हैं कि सत्ता धारी कांग्रेस के पार्षद तो अपने ही कुनबे में बिखरने को तैयार बैठे हैं वहीं भाजपा पार्षद भी विधानसभा चुनावों में विधायकी का सपना संजोए दिल्ली तक के चक्कर लगा रहे हैं। दोनों ही पार्टी के पार्षद वार्ड की स्थिति को संभालने को तैयार ही नहीं हैं। ऐसे में निगम के अधिकारी आमजन के कामों को टरकाने में लगे हुए हैं। जो काम एक दिन में होना होता है, उसी काम में 15 दिन तक का समय लग रहा है।



#### स्वच्छता अभियान का उड़ रहा है मजाक

घर-घर कचरा संग्रहण अभियान की पार्षद मॉनिटरिंग नहीं कर रहे हैं, जिससे सड़कों पर गंदगी का आलम इस कदर है कि हर तरफ धूल के गुब्बार उड़ रहे हैं। कालोनियों में हूपर समय नहीं पहुंच रहे हैं। निगम के बड़े ट्रक कचरे को समेट सड़कों पर इस कदर चल रहे हैं कि कचरा सड़क पर ही बिखर रहा है। कुछ वार्डों में तो मानसून के समय खोदी गई सड़क आज तक नहीं बन पाई है। नालों को फिर से प्लास्टिक जाम कर रही है। गनीमत है कि अभी बारिश की सुस्त रफ्तार है, अन्यथा जयपुर को जयपुर बनने में कोई कसर बाकी नहीं रह गई है।

#### ये मुद्दे हुए गौण

- बोर्ड की मीटिंग नहीं हो रही
- कमेटी नहीं बन रही
- हूपर के संचालन की मॉनिटरिंग नहीं हो पा रही
- क्षतिग्रस्त सड़कें नहीं बन पा रही
- नालों में फिर से कचरे के ढेर लग गए
- सड़कों पर पशुओं का जमावड़ा
- अवैध डेयरी पर कोई कार्रवाई नहीं
- हेरिटेज में अतिक्रमण
- सरकारी जगह पर भूमाफियों का कब्जा
- बाजारों में बरामदों पर बढ़जा जा रहा अतिक्रमण
- स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट में गुणवत्ता की जांच नहीं हो रही
- पार्कों की बदहाल अवस्था

**कांग्रेस का कुनबा बिखरने को तैयार**

पिछले छह महीने से पार्टी के नेताओ में चल रही लड़ाई से लगता है कि यहां पर पक्ष - विपक्ष की जिम्मेदारी भी कांग्रेस के पार्षद ही निभा रहे हैं। कांग्रेस के सभी 56 पार्षद दो खेमों में बंट कर एक दूसरे गुट को खत्म करने में लग गए हैं।

**विधायकी में लगे भाजपा के पार्षद**

कुछ ऐसा ही हाल भाजपा के 44 पार्षदों का है। विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही वार्डों को भूल विधायक चुनावों में जुट गए है। कुछ विधायक बनने की महत्वकांक्षा में बड़े नेताओं की अगवानी में लगे हुए है तो कुछ अपने नेता को विधायक बनाने में मेहनत कर रहे हैं।

**फुल, सुपर और ब्लू मून...**



*जयपुर। रक्षाबंधन पर बुधवार को अंतरिक्ष में अदभूत खगोलीय घटना हुई। रात्रि में सुपर ब्लू मून दिखई दिया। इसमें फुल मून, सुपरमून और ब्लू मून तीनों एक साथ दिखाई दिए। भारत में सुपर ब्लू मून रात 8 बजकर 37 मिनट पर दिखाई दिया। खगोलीय वैज्ञानिकों के अनुसार बुधवार को दिखाई दिया चंद्रमा रोजाना की अपेक्षा 14 प्रतिशत बड़ा और ज्यादा चमकदार था। ये घटना तब होती है, जब चंद्रमा पृथ्वी के करीब आता है। अब अगला सुपर ब्लू मून 13 साल बाद 2037 में दिखाई देगा।* **-फोटो: पंकज शर्मा**

**फर्जीवाड़ा रोकने की अच्छी पहल**

## GST के लिए बायोमेट्रिक सत्यापन जरूरी

**बेधड़क** | जयपुर

बोगस कम्पनियों के माध्यम से जीएसटी कानून में मिलने वाली इनपुट टैक्स क्रेडिट-आईटीसी का दुरुपयोग रोकने और निर्दोष लोगों के नाम से धड़ाधड़ खुल रही बोगस फर्मों पर अकुंश लगाने के लिए अब नए जीएसटी रजिस्ट्रेशन आवेदकों का बायोमेट्रिक सत्यापन भी किया जाएगा। इस संबंध में हाल ही गुड्स एंड सर्विस टैक्स नेटवर्क ने एडवाइजरी जारी की है। बायोमेट्रिक सत्यापन के लिए रजिस्ट्रेशन आवेदकों का आधार नंबर माध्यम बनेगा और रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में आवेदक की नई फोटो भी ली जाएगी।





जीएसटी सलाहकार, एक्यूमैन टैक्स कंसल्टेंट्स मनोज मक्कड़ के अनुसार इस नई व्यवस्था से जीएसटी पंजीयन में फर्जीवाड़ा रोकने को बड़ी सफलता मिलेगी।

जीएसटी रजिस्ट्रेशन के लिए बायोमेट्रिक सत्यापन को अच्छी पहल कहा जा सकता है। इससे केवल दस्तावेज़ के आधार पर निर्दोष लोगों के नाम से होने वाले जीएसटी पंजीयन पर लगाम लगेगी, लेकिन सरकार को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि इससे नए जीएसटी रजिस्ट्रेशन के आवेदकों को कोई असुविधा नहीं हो।

**हेरिटेज निगम रिश्वत प्रकरण: बातचीत में महापौर के पति का भी जिक्र**

## फिर ऑडियो वायरल, मुनेश की बढ़ी मुसीबत

**बेधड़क** | जयपुर

पट्टे बनाने को लेकर रिश्वत मामले में महापौर मुनेश गुर्जर और उनके पति सुशील गुर्जर की मुसीबत फिर बढ़ सकती है। दरअसल बुधवार को सोशल मीडिया पर एक ऑडियो वायरल हुआ, जिसमें पीड़ित और दलाल नारायण सिंह के बीच 800 गज के मकान का पट्टा बनाने को लेकर बातचीत का जिक्र किया गया है। आडियो कब बनाया गया इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। रिश्वत प्रकरण के सामने आने के बाद से ही पार्षदों का एक धड़ा लगातार महापौर को हटाने और गिरफ्तार करने की मांग कर रहा है। ऐसे में मुनेश गुर्जर के खिलाफ पार्षद और ज्यादा मुखर हो सकते हैं। महापौर पति सुशील गुर्जर, दलाल नारायण सिंह और अनिल दुबे जेल में बंद है। सुशील गुर्जर की ओर से कोर्ट में जमानत याचिका भी लगा रखी है। ऐसे में अब ये ऑडियो सामने आने पर तीनों की जमानत में परेशानी आ सकती है।

#### ये हुई बातचीत...



ऑडियो में पीड़ित व्यक्ति दलाल नारायण सिंह से 800 गज के मकान के पट्टे बनवाने के लिए कह रहा है। उसमें 50 हजार रुपए दूसरे दलाल के जरिए सुशील गुर्जर को देने की बात भी बोली गई है। नारायण सिंह बता रहा है कि वह और अनिल दुबे दोनों मेयर के साइन करने के काम को देखते हैं। जो काम अनिल ले लेता है उसे वही पूरा करता है तथा मेरे पास जो काम होता है उसे मैं पूरा करता हूं। उसमें हम आपस में दखलंदाजी नहीं करते।

**डीईओ ने डायरेक्टर से की अभिशंसा**


## छीना शिक्षा का अधिकार, लटकी 24 स्कूलों की मान्यता पर तलवार

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी के 24 नामी निजी स्कूलों पर शिक्षा के अधिकार तहत निशुल्क प्रवेश नहीं देना भारी पड़ने वाला है। दरअसल निजी स्कूलों द्वारा पीपी फॉर और पीपी फाइव में आरटीआई में चयनित विद्यार्थियों को प्रवेश से वंचित रखने पर जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक राजेंद्र शर्मा हंस ने निदेशक माध्यमिक शिक्षा को पत्र लिखकर सीबीएससी से सबंधतता रखने वाले इन 24 निजी स्कूलों की एनओसी रद्द करने को लिखा गया है। ऐसे में अगर शिक्षा विभाग इन स्कूलों की एनओसी रद्द कर देता है तो इनकी मान्यता पर भी तलवार लटक जाएगी और मान्यता रद्द भी हो सकती है।

### नहीं दिया जवाब

जयपुर जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र शर्मा हंस ने बताया कि सीबीएसई के 24 गैर सरकारी विद्यालयों द्वारा सत्र 2023-24 में शिक्षा के अधिकार के तहत कक्षा पीपी 4 एवं पीपी 5 में विद्यार्थियों को प्रवेश से वंचित रखा गया है। इसको को लेकर कई अभिभावकों ने शिकायत भी दर्ज करवाई गई थी। इसके बाद इन स्कूलों को पत्र लिखकर जवाब मांगा गया था, लेकिन अंतिम 4 चेतावनी पत्र जारी करने के बाद स्कूलों की ओर से जवाब नहीं दिया गया। ऐसे में इन को विभागीय निर्देशों की अवहेलना का कृत्य राजस्थान गैर सरकारी शैक्षिक संस्था अधिनियम 1989 एवं नियम 1993 के उल्लंघन की श्रेणी में आता है एवं आरटीई के तहत कक्षा पीपी 4 एवं पीपी 5 में प्रवेश नहीं दिए जाने पर आरटीई अधिनियम की अवहेलना भी की गई है। ऐसे में अब इन स्कूलों पर एनओसी वापस लेते हुए कार्रवाई करने को लेकर लिखा गया है।





#### इन स्कूल के नाम शामिल

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा भेजे गए पत्र के अनुसार भारतीय विद्या भवन विद्याश्रम स्कूल, जयपुर स्कूल, रुक्मणी बिरला मॉडर्न हाई स्कूल, सेंट्रल एकेडमी, वॉरेन एकेडमी स्कूल, संस्कार स्कूल, मॉडर्न पब्लिक स्कूल, वर्धमान श्री कल्याण इंटरनेशनल स्कूल, वर्धमान इंटरनेशनल स्कूल, ब्राइटलैंड गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सीडलिंग मॉडर्न हाई स्कूल, टैगोर इंटरनेशनल स्कूल, श्री माहेश्वरी सीनियर सेकंडरी स्कूल, नीरजा मोदी स्कूल, सीडलिंग पब्लिक स्कूल, कपिल ज्ञानपीठ, महाराजा सवाई भवानी सिंह स्कूल, महाराजा सवाई मानसिंह विद्यालय, सेंट एडमन्स् कॉन्वेंट स्कूल, कैंब्रिज कोर्ट वर्ल्ड स्कूल, ज्ञान विहार स्कूल, द पैलेस स्कूल, डिफेंस पब्लिक स्कूल और भारतीय विद्या भवन विद्याश्रम स्कूल की विभाग द्वारा जारी एनओसी प्रत्यहारित करने की अभिशंषा की हैं।

#### 25 प्रतिशत सीटों पर देना था निशुल्क प्रवेश

शिक्षा के अधिकार नियम के तहत एक कक्षा की सीटों में से 25 प्रतिशत सीटों पर निशुल्क प्रवेश दिया जाता है। इसमें आर्थिक रूप से पिछड़े, गरीब और कम आए वाले परिवार के बच्चे शामिल होते हैं। इन बच्चों के प्रवेश के बाद कक्षा 8 तक निशुल्क पढ़ाया जाता है, लेकिन इन 24 नामी स्कूलों में वंचितों के बच्चों को प्रवेश नहीं दिया।

### हुक में कपड़े फंसने पर दम घुटा, कांस्टेबल की मौत

**जयपुर।** दीवार पर लगे हुक में कपड़े फंसने पर दम घुटने से एक कांस्टेबल की मौत हो गई। मामला दौलतपुरा थाना इलाके का है जहां पर बनीपार्क थाने में तैनात कांस्टेबल मंगल चंद सैनी (45) के साथ यह घटना हुई। यह राजावास के पास स्थित मोटु के बास में रहते थे। थानाप्रभारी दलवीर सिंह फौजदार ने बताया कि मृतक मंगल चंद के दो बेटी व एक बेटा है। अगले माह अंत में उनकी बेटी की सगाई भी होनी थी। परिजनों ने पुलिस को अपनी रिपोर्ट में बताया कि पहली मंजिल की सीढ़ियों में लगे हुक में कपड़े फंसने पर दम घुटने से उनकी मौत हो गई है। पोस्टमार्टम के बाद मंगल का शव बनीपार्क थाने लाया गया था। यहां पर थाने पर श्रद्धांजलि अर्पित कर साथियों ने उन्हें अंतिम विदाई दी।

जरूरी खबर

### बनास नदी में डूबे युवक का दो दिन बाद मिला शव



**टोंक।** नेगड़िया स्थित बनास नदी में युवक के डूबने की आशंका के चलते दो दिनों से सर्च अभियान चला रहा था। एसडीआरएफ की टीम को बुधवार सुबह इसमें सफलता मिल पाई। इस टीम को बनास नदी में युवक का शव मिल गया है। इसे देवली चिकित्सालय की मोर्चरी में पोस्टमार्टम भेजा गया। नायब तहसीलदार शक्ततानसिंह मीणा ने बताया कि यह युवक सुनील मीणा पुत्र बनालाल मीणा निवासी खात्याली, देवड़ावास है। इसकी बाइक सोमवार शाम बनास नदी पर मिली थी।

### कुश्ती दंगल में महिला पहलवान दिखाएंगी दम-खम

**नगर।** अलवर के रैणी तहसील में महिला कुश्ती दंगल का आयोजन 2 सितम्बर को किया जाएगा। मानवतावादी समाज विचारधारा मिशन के अध्यक्ष डॉ. बाबूलाल (बराला) ने बताया कि पिनाक कस्बे के बाइपास रोड पर खेल मैदान सुबह 11 बजे से दंगल शुरू होगा। इसमें आखिरी कुश्ती 21 हजार रुपए की होगी तथा 11 हजार की दो कुश्ती कराई जाएंगी। इसके अलावा 5100 की दो, 3100 की तीन, दो हजार की 5, 1 हजार की 10, 500 रुपए की 20, 200 रुपए की 50 व 100 रुपए 100 कुश्ती कराई जाएगी। कुश्तियां कराई जाएंगी। समारोह में आईजीपी किशनसहाय व पूर्व रक्षा उपसचिव रमेश चन्द भी मौजूद रहेंगे।

### जैन मंदिर से बेशकीमती नीलम की प्रतिमा चोरी



**देवली।** क्षेत्र के कासीर गांव में मंगलवार रात चोरों ने एक जैन मंदिर को निशाना बनाया और बेशकीमती नीलम की प्रतिमा चोरी कर ले गए। चोरों ने इसके अलावा किसी अन्य कीमती वस्तुओं को नहीं छुआ। सुबह मंदिर खुलने पर मुख्य प्रतिमा गायब मिली। भगवान पार्श्वनाथ जैन मंदिर कासीर गांव के बीच में स्थित है। चोर मुख्य द्वार का ताला तोड़कर भीतर घुसे और चार प्रतिमाओं में सबसे बड़ी भगवान पार्श्वनाथ की प्रतिमा चुरा ली। वारदात का पता लगने पर ग्रामीणों की मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना पर देवली थाने के सहायक उपनिरीक्षक दिलीप सिंह मौके पर पहुंचे और सबूत जुटाए।

**भाजपा का नव मतदाता अभिनंदन उत्सव:** प्रदेशाध्यक्ष ने महिला मोर्चा की बहनों से बंधवाई राखी

# युवाओं से आह्वान, पहला वोट भाजपा, मोदी व राष्ट्र के नाम

**बेधड़क** | चित्तौड़गढ़

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के लोकसभा क्षेत्र चित्तौड़गढ़ में पहली बार मतदान करने वाले युवाओं के अभिनंदन का उत्सव मंगलवार देर रात तक आयोजित हुआ। इसमें हजारों नव मतदाताओं का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति, रीति, राष्ट्रवादी सोच, विकास कार्य और योजनाओं का प्रभावित नव मतदाताओं में अत्यधिक उत्साह रहा।

नव मतदाता अभिनंदन संगम कार्यक्रम इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने हजारों युवा नव मतदाताओं का अभिनंदन करते हुए उन्हें अपना पहला मतदान राष्ट्र, भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम देने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं को राष्ट्र सेवा और राष्ट्र के नवनिर्माण और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए मिस्ड काल कर एक साथ पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण कराई गई। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष जोशी ने कहा कि आज का युवा कल का भविष्य है।

उन्होंने युवाओं को देश की सेवा करने का संकल्प दिलाया। नव मतदाताओं को महिला मोर्चा की बहनों ने रक्षा सूत्र बांधकर स्वागत किया गया।



### गीतों में भारत के चंद्रयान मिशन की यशगाथा

प्रसिद्ध बॉलीवुड गायक कैलाश खेर ने अपनी सुमधुर आवाज से संगीत प्रस्तुति से युवाओं झूमने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने अपनी गायकी के माध्यम से भारत के चन्द्रयान मिशन और चंद्रमा पर चंद्रयान की सफल लेंडिंग का भी रोचकता से वर्णन किया। कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी अनेक बहिनों से राखी बंधाई।

### वीरांगनाओं व परिजनों का किया सम्मान



कार्यक्रम के दौरान शहीदों की वीरांगनाओं, माता पिता एवं उनके परिजनों को भी सम्मान भी किया गया। इसका उद्देश्य मेवाड़ के वीर सपूत शहीदों का स्मरण करना रहा। मेरा देश मेरी माटी कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं ने कलश यात्रा भी निकाली। इस कार्यक्रम में संसदीय क्षेत्र के करीब डेढ लाख युवा मतदाताओं को घर-घर जाकर कार्यकर्ताओं ने आमंत्रित किया था। वहीं आस पास के जिलों से भी हजारों की संख्या युवा आयोजन में पहुंचें।

**डबल मर्डर:** जिंदा बचे तीसरे युवक ने कहा- बदमाशों ने कुचल दिया

# सरकार ने कार्रवाई के दिए निर्देश युवकों की हत्या के 3 संदिग्ध धरे

**बेधड़क** | नागौर

प्रदेश के कुचामन जिले में वाहन से कुचल कर दो युवकों की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन संदिग्धों को पकड़ा है। पुलिस ने बुधवार को इस मामले में जानकारी देते हुए बताया कि जयपुर से आला अधिकारी को घटनास्थल पर भेजा गया है। राज्य सरकार ने कुचामन में दो दलित युवकों की हत्या के मामले को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई कर आरोपियों को पकड़ने के निर्देश दिए हैं।

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उमेश मिश्रा के निर्देश पर अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी-क्राइम) दिनेश एमएन कुचामन गए हैं। इसके अनुसार तीन संदिग्धों को पकड़ा गया है। गौरतलब है कि सोमवार रात कुचामन के राणासर गांव के पास एक गाड़ी से कुचलकर दो युवकों की हत्या कर दी गई थी। बाइक पर तीन युवक सवार थे। बदमाशों ने बाइक को वाहन से कई बार टक्कर मारी।

घटना में परबतसर के बिदियाद गांव के निवासी राजू और चुन्नीलाल की मौके पर मौत हो गई। तीसरा युवक कृष्णाराम गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका जयपुर में इलाज चल रहा है। रेंज की पुलिस महानिरीक्षक लता मनोज कुमार सहित आला अधिकारी घटनास्थल पहुंचे।

वहीं आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस पूरे क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया है कि तीनों रात को खाने के लिए एक होटल में रुके थे, जहां उनका कुछ लोगों के साथ विवाद हो गया। बाद में इन लोगों ने अपनी कार से बाइक को टक्कर मारी।


परिजनों की शिकायत के बाद कुचामन थाने में हत्या का मामला दर्ज किया गया है। इससे पहले कुचामन के थानाधिकारी सुरेश कुमार ने मंगलवार को बताया था कि प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला लग रहा है।



### दोनों मृतक करते थे काम, राखी पर आए थे

मृतक राजूराम और चुन्नीराम दोनों चचेरे भाई थे और घर से बाहर रहकर अलग-अलग जगहों पर मार्बल फिटिंग का काम करते थे। अभी दोनों रक्षाबंधन पर्व पर अपनी बहनों से राखी बंधवाने घर आए थे। इस दौरान वे मौलासर मेला देखने गए थे और वहां से खाटू श्यामजी दर्शन के लिए जाना चाह रहे थे। इस बीच हुई वारदात में दोनों की मौत हो गई।

### तीसरे युवक ने बताई हादसे की दास्तां



बदमाशों की ओर से बाइक को कुचलने के बाद जिंदा बचे तीसरे युवक किशनाराम ने घटना की पूरी दास्तां पुलिस को बताई है। उसने कहा कि मैं मेरे दोस्त चुन्नीलाल और राजूराम तीनों बिदियाद से शाम 6 बजे मौलासर में चल रहे मेला देखने के लिए निकले थे। हम रात 8 बजे करीब मौलासर पहुंचे थे और रात करीब साढ़े 10 बजे वापस रवाना हो गए। हम वहां से खाटू श्यामजी के लिए निकले थे। हम मौलासर से वापस कुचामन साइड में आ रहे थे। रास्ते में एक पेट्रोल पम्प के पास होटल आई। वहां हम खाना खाने के लिए रुके थे। होटल बहुत ज्यादा भीड़ थी। तब हमने फैसला किया कि आगे दूसरी होटल पर खाना खा लेंगे। तब वहां पर कुछ लोगों ने रोका और बोले कि रुको..., रुको... कौन हो...। तब मैंने कहा कि रोटी खाने वाले हैं भाईजी... अब घर पर ही खाएंगे। तो हमें रोका कि यहीं पर रुको तो सही। वहां पर एक कैंपर, एक बोलेरो और एक स्कॉर्पियो थी। हम जाने लगे तो गाड़ी पीछे दौड़ाई दी। फिर एक गाड़ी बराबर लाकर बोले कि रुक जाओ... नहीं तो मार देंगे। हमने यहीं सोचा कि यह मारपीट करेंगे इसलिए गाड़ी नहीं रोकी तो उन्होंने टक्कर मार दी। मैं तो उसी वक्त अचेत सा हो गया था। किशनाराम ने कहा कि उन लोगों को अगर मेरे सामने लाए तो दो जनों को मैं पहचान सकता हूं, उनके चेहरे मुझे अभी भी याद हैं।

**सिर में लगी गोली,** जयपुर रैफर किया

## रात में बकरी चोरी करने आए चोर, युवक के रोकने पर फायरिंग

**बेधड़क** | अलवर

जिले में बकरी चोरों का विरोध करना एक युवक को भारी पड़ गया। युवक ने चोरों को बकरी चोरी करने से रोका तो उन्होंने युवक पर फायरिंग कर दी। मामला अलवर जिले के लक्ष्मणगढ़ थाना क्षेत्र के कनवाड़ा गांव का है। गोली लगने युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

हालत नाजुक होने पर युवक को जयपुर रैफर किया गया। जानकारी के अनुसार कस्बे के निकटवर्ती कनवाड़ा गांव निवासी जसमाल खान के घर के बाहर लगभग एक दर्जन बकरियां बंधी हुई थी। रात करीब 2 बजे एक बोलरो पिकअप में सवार होकर चोर आए और बकरियों को उठाकर पिकअप में डालने लगे। इस बीच बकरी पालक जसमाल खान का भतीजा जमील खान जाग गया। जमील ने आस-पास के लोगों को जगाने के लिए आवाज लगाई तो बदमाशों ने युवक पर फायरिंग कर दी।

फायरिंग में गोली जमील के सिर में जा लगी। इससे वह जख्मी होकर जमीन पर गिर गया। गोली चलने की आवाज सुनकर पीड़ित परिवार के साथ ही ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। बाद में मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। इधर परिजन आनन-फानन में जमील को उपचार के लिए कस्बे के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रैफर कर दिया।



### पुलिस ने कराई नाकाबंदी

ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस घटना स्थल पर छानबीन की और परिजनों व लोगों से घटना की जानकारी ली। बाद में पुलिस ने चोरों को पकड़ने के लिए नाकाबंदी कराई, लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नही मिला। बदमाशों की तलाश में पुलिस मुस्तैदी से जुटी हुई है।

**संचालक के खिलाफ** लापरवाही बरतने का मुकदमा दर्ज

## एकेडमी में क्रिकेट खेलते समय बैट्समैन के सीने पर बॉल लगने से हुई मौत

**बेधड़क** | जोधपुर

मैच में बॉलिंग के दौरान बैट्समैन के सीने में बॉलर की तेज बॉल लगने के कारण बैट्समैन की मौत हो गई। घटना के बाद खिलाड़ी के शव को मोर्चरी में रखवाया है। मृतक के चाचा ने एकेडमी संचालक के खिलाफ लापरवाही बरतने का मुकदमा दर्ज करवाया है। घटना बोरानाडा थानान्तर्गत डीपीएस बाइपास के पास क्रिकेट अकादमी की है।

थानाधिकारी देवीचंद ढाका ने बताया कि डीपीएस बाइपास के पास स्पार्टन क्रिकेट अकादमी है। जहां सीनियर क्रिकेट खिलाड़ियों का चयन करने के लिए दो दिवसीय ट्रायल मैच चल रहे थे। अंतिम दिन बनाड़ निवासी जितेन्द्र चौधरी (15) बैटिंग कर रहा था। एक तेज गेंदबाज सामने बॉलिंग करने लगा। इस दौरान एक गेंद टप्पा खाने के बाद जितेन्द्र के सीने में जाकर लगी। बॉल लगते ही वह पिच पर ही गिर कर बेहोश हो गया। इसके बाद अम्पायर व अकादमी कोच व अन्य व्यक्ति ने आकर उसे संभाला और बेहोश होने पर तुरंत डीपीएस सर्कल के पास निजी अस्पताल ले गए। जहां से उसे नजर रोड पर निजी अस्पताल में रैफर कर दिया गया।

अस्पताल में जांच करते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन अस्पताल पहुंचे। पुलिस को मौके पर बुलाया गया। वहीं खिलाड़ी के शव को मथुरादास माथुर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।





**एनएच 123 पर** जाकी अमरारा गांव के पास हुआ हादसा

## कार और ट्रक की भीषण भिड़ंत में एक की मौत, 2 लोग गंभीर घायल

**बेधड़क** | धौलपुर

जिले के सैपऊ थाना इलाके के एनएच 123 पर जाकी अमरारा गांव के पास बुधवार तड़के कार और ट्रक में भीषण टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर घायल हो गए। घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है।

दोनों घायलों को स्थानीय ग्रामीणों व पुलिस की मदद से जिला अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जयपुर हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। बताया गया कि हादसे के दौरान कार में तीन लोग सवार थे, जो बेटी को उसकी ससुराल छोड़कर वापस गांव लौट रहे थे।

इस दौरान उमरारा गांव के पास पहुंचने पर सामने से आ रहे गिट्टी से भरे ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। घटना को देख स्थानीय लोग मदद के लिए दौड़े। ग्रामीणों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से तीनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां 38 वर्षीय अशोक पुत्र भगवान सिंह को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

वहीं, मृतक के भतीजे 17 वर्षीय उत्कर्ष पुत्र गजेंद्र शर्मा और कार चालक 35 वर्षीय रवि पुत्र रमेश की हालत गंभीर होने पर दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।



कलेजे के टुकड़े की छीन ली सांसें

# बेटे का हत्यारा बोला- 'अशुभ था इसलिए मार दिया'

**बेधड़क** | झालावाड़

जिले में अंधविश्वास के चलते एक पिता ने अपने 13 महीने के बेटे की सांसें छीन ली। आरोपी ने मासूम बेटे की गला दबाकर हत्या कर दी और फरार हो गया। पुलिस ने मामले की जांच कर आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी ने पूछताछ में पुलिस को जो बताया उसे सुनकर पुलिसकर्मी भी हैरान रह गए।

आरोपी ने कहा कि बेटा उसके लिए अशुभ था। उसके पैदा होने के बाद से ही लगातार परेशानियां सामने आ रहीं थी। बेटे के जन्म के बाद से वह बीमार रहने लगा था और कर्ज भी हो गया था। इसी के चलते उसने बेटे की हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार मामला झालावाड़ के खानपुर कस्बे का है। मूलतः मध्यप्रदेश के नीमच का रहने वाला अब्बास अली बोहरा लंबे समय अपने परिवार के साथ यहां रह रहा है। सोमवार को खानपुर कस्बे की एक मस्जिद में कार्यक्रम था।

अब्बास की पत्नी यास्मीन और बड़ा बेटा वहां चले गए, लेकिन बीमारी का बहना बनाकर अब्बास घर पर ही रुक गया। उसके घर रुकने से यास्मीन 13 महीने के बेटे को भी घर पर ही छोड़ गई। पत्नी और बड़े बेटे के घर से जाने के बाद पीछे से अब्बास ने मासूम बेटे की गला दबाकर हत्या कर दी। वारदात के बाद अब्बास ने मकान को ताला कर फरार हो गया।



### पुलिस ने आरोपी को रामगंज मंडी से गिरफ्तार किया

मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को लेकर जानकारी ली। वहीं, मृतक बच्चे के मामा की शिकायत पर आरोपी पति अब्बास के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को रामगजमडी से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 13 महीने का बेटा उसके लिए अशुभ था। उसके पैदा होने के बाद से कुछ भी सही नहीं रह रहा था। वह बीमार रहने लगा था, कोई भी काम करने पर उसे कोई फायदा नहीं हो रहा था।

### पत्नी कमरे में गई तो पैरों तले खिसकी जमीन

अब्बास के फरार होने के एक-दो घंटे बाद उसकी पत्नी यास्मीन बड़े बेटे के साथ मस्जिद से घर लौटी तो उसने गेट पर ताला गला देखा। उसने पति अब्बास को कॉल किया, लेकिन उसने रिसीव नहीं किया। यास्मीन को बाहर खड़ा देखकर आस-पास के लोग मौके पर आ गए। अब्बास का काफी इंतजार करने के बाद उन्होंने ताला तोड़ दिया। इसके बाद यास्मीन अंदर पहुंची तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। उसका 13 महीने का बेटा कमरे में मृत पड़ा हुआ था। इसके बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।

एसपी ने की 2100 के इनाम की घोषणा

## चंबल में कूदने गई महिला को कांस्टेबल ने बचाया

**बेधड़क** | कोटा

रक्षाबंधन पर एक पुलिस कांस्टेबल आत्महत्या करने जा रही महिला के लिए देवदूत बनकर आया और उसकी जान बचा ली। घटना कोटा शहर की नयापुरा थाना इलाके की है, जहां पर एक महिला चंबल नदी की पुलिया पर आत्महत्या करने पहुंच गई थी।

इसकी सूचना पर कांस्टेबल अशोक कुमार चंबल नदी की पुलिया पर पहुंचे और महिला को कूदने से रोका। बाद में समझाइश कर थाने लेकर पहुंचे। नयापुरा थाने के सीआई रमेश कुमार ने बताया कि आरकेपुरम में रहने वाली 19 वर्षीय महिला अपने परिवार से परेशान होकर आत्महत्या करने पहुंची थी। महिला ने आरोप लगाया है कि उसका पति और ननद उसे परेशान कर रहे थे। पति उसे पीहर में जाकर भाई को राखी बांधने से भी रोक रहा था। इसी से नाराज होकर वह आत्महत्या का कदम उठाने जा रही थी। इस घटना के बाद कोटा शहर एसपी शरद चौधरी ने कांस्टेबल को 2100 रुपए का इनाम देने की घोषणा की है।

दूसरी तरफ, कांस्टेबल अशोक कुमार का कहना है कि राखी के अवसर पर पुलिस लाइन से उसकी ड्यूटी चंबल की पुलिया पर लगाई थी। महिला पुलिया पर चढ़कर कूदने वाली थी, तभी मैंने उसे रोक लिया। महिला ने कहा कि मैं उसका दूसरा भाई हूं।





# बच्चों की अनूठी क्रिएटिविटी से मुस्कुराई राखी

*जयपुर। भाई बहन के स्नेह के पर्व रक्षाबंधन का उल्लास शहर के स्कूलों में खूब परवान चढ़ा। बच्चों ने खुद अपने हाथों से राखियां बनाकर अपनी क्रिएटिविटी नए आयाम दिए। लेटेस्ट ट्रेंड के मुताबिक बनाई गए बच्चों की राखियों ने बड़ों का मन मोह लिया। पावन प्रेम के इस पर्व पर स्कूलों के परिसर तीन दिन तक बच्चों की मासूम रचनात्मक अठखेलियों से आबाद रहे। बच्चों ने अपनी राखियों में फेमस कार्टून करेक्टर्स से लेकर चंद्रयान तक को उकेरा।*



*रावत पब्लिक स्कूल में डायरेक्टर नरेन्द्र सिंह रावत को बच्चों ने राखी बांधी।*



*सनी सै. एकेडमी में बच्चों ने डोरेमोन, बॉर्बी डॉल व चंद्रयान से प्रेरित राखियों के साथ सेलिब्रेट किया।*



*सुबोध पब्लिक स्कूल में बच्चों ने राखी मेकिंग में रचनात्मकता दिखाई।*



## Yuva स्टोरीज




**युवा प्रतिभा पुरस्कार मिलने पर दोतोलिया का सम्मान |**
**जयपुर।** आमेर उपखण्ड के ग्राम बिलोंची निवासी सच बेधड़क संवाददाता नरेन्द्र दोतोलिया को राज्य स्तरीय संस्कृत दिवस समारोह में राज्य स्तरीय युवा प्रतिभा पुरस्कार से सम्मानित होने पर ग्रामीणों ने बधाई दी व उनका सम्मान किया। वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय कालच्या के प्रधानाचार्य महेश सोनी, जगदीश प्रसाद जाट ने दोतोलिया का माला पहनाकर स्वागत किया। ग्राम बिलोंची बस स्टैंड पर युवाओं ने दोतोलिया की उपलब्धि पर उनका सम्मान किया। इस मौके पर रामनिवास जाट, भगवान जाट, हेमराज सैन, सुरेश प्रजापत, दिनेश गुर्जर, सुवालाल, मुकेश योगी, रविकांत चौधरी, विष्णु जाट, दामोदर गोस्वामी, मुकेश जाट , हंसराज वर्मा सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

**बोर्ड के सैम्पल पेपर व मार्किंग स्कीम रिलीज |**
**जयपुर।** सीबीएसई ने 10वीं व 12वीं परीक्षा-2023 के सैम्पल पेपर जारी कर दिए हैं। वे स्टूडेंट्स जो इस साल सीबीएसई 10वीं या 12वीं का एग्जाम दे रहे हैं, सीबीएसई की ऑफिशियल वेबसाइट cbseacademic.nic.in पर जाकर सैम्पल पेपर डाउनलोड कर सकते हैं। ये सैम्पल पेपर फाइनल एग्जाम के लिए हैं। इनसे स्टूडेंट्स को परीक्षा की तैयारी में मदद मिलेगी। सीबीएसई बोर्ड ने सैम्पल पेपर के साथ ही परीक्षा की मार्किंग स्कीम भी रिलीज की है। स्टूडेंट्स ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं कि किस सब्जेक्ट में कितने मार्क्स का पेपर आएगा। ये स्कीम दसवीं और बारहवीं दोनों क्लासेस के लिए मौजूद है। गौरतलब है कि सीबीएसई 10वीं व 12वीं की परीक्षाएं 15 फरवरी से आयोजित की जाएंगी। हालांकि बोर्ड ने अभी डिटेल्ड शेड्यूल जारी नहीं किया है। एग्जाम करीब दो महीने तक चलेंगे।



**असम पुलिस में 332 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू |**
**जयपुर।** असम राज्य पुलिस भर्ती बोर्ड ने 332 पदों पर वैकेंसी निकाली है। इसके तहत इंस्पेक्टर, सब-इंस्पेक्टर, हेड कॉन्स्टेबल और कॉन्स्टेबल के पदों पर भर्ती की जाएगी। भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के लिए उम्मीदवार असम राज्य स्तरीय पुलिस भर्ती बोर्ड की ऑफिशियल वेबसाइट slprbassam.in पर 15 सितंबर तक ऑनलाइन अप्लाई कर सकते हैं। इस भर्ती में दो पद इंस्पेक्टर (बी), 60 सब-इंस्पेक्टर (बी), 70 पद हेड कॉन्स्टेबल (बी) और 200 कॉन्स्टेबल (बी) के होंगे। भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के लिए उम्मीदवारों का 10वीं पास होना जरुरी हैं। इसके साथ ही कॉन्स्टेबल और हेड कॉन्स्टेबल के पद के लिए सेना, नौसेना या वायुसेना में सिपाही से लेकर हवलदार के पद से रिटायर हुए अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं। इंस्पेक्टर, सब-इंस्पेक्टर, हेड कॉन्स्टेबल और कॉन्स्टेबल भर्ती में रिटन टेस्ट और फिजिकल टेस्ट के बाद डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन होगा। जिसके आधार पर तय की गई मेरिट के आधार पर पोस्टिंग दी जाएगी। उम्मीदवारों की उम्र कम से कम 18 साल और अधिकतम उम्र सीमा 50 साल से होनी चाहिए।




**हाउसिंग बोर्ड सीधी भर्ती परीक्षा 8 सितंबर से |**
**जयपुर।** राजस्थान आवासन मंडल में 258 पदों पर होने वाली सीधी भर्ती परीक्षा 8 से 11 सितंबर तक प्रतिदिन दो पारियों में ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। आवासन आयुक्त एवं सचिव अल्पा चौधरी ने बताया कि परीक्षा सुबह 9.30 से 12.30 तथा दोहपर 3.30 से 6.30 बजे तक दो पारियों में आयोजित होगी। गौरतलब है कि 258 विभिन्न पदों के लिए कुल 59 हजार 968 आवेदन प्राप्त हुए हैं। आयुक्त ने बताया कि सीधी भर्ती परीक्षा-2023 पूर्णतया निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा सेंटर फॉर डवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कम्प्यूटिंग के माध्यम से आयोजित की जा रही है। पूर्णतया ऑनलाइन होने वाली इस परीक्षा में किसी भी तरह की ओएमआर शीट का उपयोग नहीं किया जाएगा।

## देश के आठ शहरों में लग रहे फेयर

# US में पढ़ाई का वन स्टॉप सॉल्यूशन 'स्टडी इन US'

**बेधड़क** | जयपुर

विदेश में पढ़ने का सपना देखने वाले युवाओं के लिए अपने सपने को पूरा करने की राह बहुत मुश्किलों भरी होती है। विदेशी यूनिवर्सिटी में पढ़ने की क्वालिफिकेशन पूरा करने से लेकर एडमिशन लेकर वहां शिफ्ट होने तक का सफर बेहद मुश्किलों भरा होता है। युवाओं को सपनों के जाल में फांसकर विदेश में पढ़ाई के नाम पर ठगने वाली एजेंसियों की भी बाजार में भरमार है। ऐसे में छात्रों के कन्फ्यूजन्स को दूर करने व उन्हें विदेश में पढ़ने का रास्ता बताने के लिए एजुकेशन यू एस ए की ओर से देश के आठ शहरों में लगाए जा रहे 'स्टडी इन यूएस' विश्वविद्यालय मेले एक बड़ी राहत लेकर आए हैं। 3 सितंबर तक चलने वाले इन मेलों में स्टूडेंट्स यूएस की नामी यूनिवर्सिटीज के प्रतिनिधियों से इंटरेक्शन कर वहां एडमिशन की पूरी जानकारी जुटा सकते हैं।

यह मेले एसोसिएट, बैचलर, मास्टर्स और पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश पाने की योजना बना रहे छात्रों के लिए बहुत उपयोगी साबित हो सकते हैं। मेले में प्रवेश निशुल्क है लेकिन इसमें शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। रजिस्ट्रेशन के समय चुने गए अपने पसंदीदा स्थान पर स्टूडेंट मेले में शामिल हो सकते हैं। इन मेलों का उद्देश्य संयुक्त राज्य अमेरिका में अध्ययन के लाभों के बारे में अवेयरनेस पैदा करना और स्टूडेंट्स के लिए भविष्य की कॉलेज आवश्यकताओं के बारे में एजुकेशन यूएसए सलाहकारों से मिलना आसान बनाना है।



**इन शहरों में 3 सितंबर तक मेले**

| | |
|---|---|
| दिल्ली | अहमदाबाद |
| हैदराबाद | कोलकाता |
| मुंबई | चेन्नई |
| पुणे | बंगलुरू |

**60 कॉलेज प्रतिनिधियों से मिलने का मौका**

विश्वविद्यालय मेले में छात्रों को अमेरिका करीब 60 कॉलेजों व विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों से इंटरेक्शन का मौका मिलेगा। यहां उन्हें अमेरिका में रहने की लागत और अमेरिकी छात्र वीजा के बारे में प्रामाणिक जानकारी मिलेगी। प्रतिभागियों को शैक्षणिक कार्यक्रमों, कैंपस लाइफ, वित्तीय सहायता के विकल्पों और आवेदन प्रक्रियाओं सहित अन्य संबंधित जानकारियां आसानी से उपलब्ध होंगी। मेले में स्टूडेंट्स अमेरिकी प्रतिनिधियों से बात कर तमाम सटीक जानकारी हासिल कर सकते हैं। अपनी सुविधानुसार विश्वविद्यालयों के नवीनतम ब्रोशर और पाठ्यक्रम विवरण जुटा सकते हैं। एडमिशन के लिए जरूरी टेस्ट लेने वाली एजेंसीज के प्रतिनिधियों से मिलकर लेटेस्ट अपडेट हासिल कर सकते हैं। साथ ही अमेरिकी दूतावास के अधिकारियों से मिलकर आवेदन, प्रवेश और छात्र वीजा प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं पर होने वाले सत्रों में भाग ले सकते हैं।





# उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला श्रेष्ठ मन्त्रालयिक सेवा सम्मान

**बेधड़क** | जयपुर

बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित राज्य स्तरीय संस्कृत दिवस विद्वान सम्मान समारोह में संस्कृत शिक्षा निदेशालय में कार्यरत प्रशासनिक अधिकारी राजेश तिवाड़ी, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी कुलदीप मिश्र व राजकीय लक्ष्मीनाथ शास्त्री संस्कृत महाविद्यालय चिथवाड़ी में कार्यरत अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी गजानन्द शर्मा को श्रेष्ठ मंत्रालयिक सम्मान से सम्मानित किया गया। शिक्षा मंत्री डॉ. बी डी कल्ला, विधायक डॉ. राजकुमार शर्मा, संस्कृत विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. रामसेवक दुबे, संस्कृत अकादमी निदेशक डॉ. सरोज कोचर, निदेशक संस्कृत शिक्षा प्रो. भास्कर शर्मा श्रोत्रिय व त्रिवेणीधाम के रामरिछपाल दास महाराज ने इन्हें 11 हजार रुपए की राशि, स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मान किया। गौरतलब है कि कुलदीप मिश्र ने संस्कृत महाविद्यालय शाखा के नवीन सेवा नियम-2022 के अधिसूचित होने तक सचिवालय स्थित प्रशासनिक विभाग, कार्मिक विभाग, वित्त विभाग एवं विधि विभाग में उक्त सेवा नियमों के संबंध में वांछित समस्त कार्यवाही को व्यक्तिशः सम्पर्क कर पूर्ण करवाया।

वे वर्तमान में अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी के पद पर निदेशालय के निजी अनुभाग में सेवाएं दे रहे हैं। इन्हें वर्ष 2007 में उत्कृष्ट सेवा के लिए राज्य सरकार द्वारा गणतंत्र दिवस पर सम्मानित किया जा चुका है।

# 'परिचय' में दिखेगा टैलेंट और हुनर का जलवा

**जयपुर।** जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी में 2 सितंबर को फ्यूजन फिएस्टा थीम पर फ्रेशर्स पार्टी 'परिचय-23' का आयोजन किया जाएगा। यूनिवर्सिटी के विभिन्न कोर्सेज में फर्स्ट ईयर में प्रवेश लेने वाले स्टूडेंट्स के लिए इस पार्टी का आयोजन होगा।

स्टूडेंट कौंसिल की ओर से होने वाले इस आयोजन की तैयारियां जारी हैं। यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट अफेयर्स हेड दीपक सोगानी ने बताया कि शाम 5 बजे से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में विभिन्न टैलेंट हंट के साथ ही रैंप वॉक समेत अन्य रंगारंग कार्यक्रमों का भव्य आयोजन होगा।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान स्टूडेंट अपना टैलेंट मंच पर रखेंगे। इसके साथ ही वह मंच से अपनी हॉबीज के साथ ही अपना पूरा परिचय भी देंगे। कार्यक्रम के लिए सीनियर्स की ओर से भी विभिन्न तैयारियां की जा रही हैं। सीनियर्स भी विभिन्न परफॉर्मेंस के जरिए अपना हुनर जूनियर्स के सामने प्रस्तुत करेंगे।

**टिप्स & ट्रिक्स** | **RAS इंटरव्यू का चौथा चरण 11 से 27 सितंबर तक**

# इंटरव्यू में सक्सेस के लिए नॉलेज के साथ धैर्य भी जरूरी

**बेधड़क** | जयपुर

RPSC की ओर से आयोजित आरएएस परीक्षा-2021 की मुख्य परीक्षा में सफल रहे अभ्यर्थियों के इंटरव्यू का चौथा चरण 11 सितंबर से 27 सितंबर तक चलेगा। अभ्यर्थियों के साक्षात्कार-पत्र आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे।

आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि चौथे चरण में 288 अभ्यर्थियों के साक्षात्कार लिए जाएंगे। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी को अपने मूल प्रमाण-पत्र फोटो प्रति के साथ लाने होंगे। गौरतलब है कि आरपीएससी ने राज्य सेवा के 363 तथा अधीनस्थ सेवाओं के 625 पदों के लिए जुलाई-2021 में आवेदन आमंत्रित किए थे। प्रारंभिक परीक्षा 27 अक्टूबर 2021 को व मुख्य परीक्षा 20-21 मार्च 2022 को हुई थी। 30 अगस्त 2022 को श्रेणीवार कट ऑफ मार्क्स के साथ परिणाम जारी किया गया था।



### ऐसे करें इंटरव्यू की तैयारी

आरएएस का इंटरव्यू 100 अंक का होता है। राज्य सेवाओं के लिए होने वाला इंटरव्यू बहुआयामी होता है। इसका कोई तय पाठ्यक्रम या पैटर्न नहीं है, लेकिन राज्य सेवा के पदों की प्रकृति को ध्यान में रख कर इसकी तैयारी की जा सकती है। साक्षात्कार के अंकों की चयन में यह तैयारी बड़ी भूमिका निभाती है। इंटरव्यू अभ्यर्थी की पर्सनलिटी का संपूर्ण टेस्ट होता है। इसमें संयम, धैर्य और आत्मविश्वास का होना बहुत जरूरी है। इसके लिए एक्सपर्ट्स का कहना है कि इंटरव्यू बोर्ड के प्रश्न पूछने के तुरंत बाद उत्तर न दें, पहले प्रश्न धैर्य से सुनें फिर संयम और आत्मविश्वास के साथ उत्तर दें।

### ये गलतियां बिल्कुल न करें

जब साक्षात्कार मण्डल के सदस्य साक्षात्कार पूरा होने की बात कहें, तभी वहां से जाएं। वापस जाने से पहले धन्यवाद जरूर कहें। एक्सपर्ट्स के मुताबिक कई बार टीम की ओर से तीखे सवाल और कठोर रुख अपनाए जाने के कारण अभ्यर्थी नर्वस हो जाते हैं और धन्यवाद कहे बिना ही तेजी से बाहर निकल आते हैं, इससे बचें। साक्षात्कार कैसा भी रहे, विनम्रता और संयम बनाए रखें।

### काल्पनिक प्रश्नों में रहें विशेष रूप से सतर्क

साक्षात्कार मण्डल की ओर से राज्य सेवा की जरूरतों के अनुरूप कुछ काल्पनिक प्रश्न अक्सर पूछे जाते हैं। इससे अभ्यर्थी के मनोविज्ञान और प्रशासनिक क्षमता का आकलन किया जाता है। ऐसे प्रश्नों के जवाब व्यावहारिक और विवेक के अनुसार मानववादी दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए देने चाहिएं। प्रशासनिक अधिकारी के नाते सरकारी योजनाओं से जनता को कैसे लाभान्वित करेंगे? ऐसे प्रश्न के लिए अभ्यर्थी का नजरिया नया होना चाहिए, ताकि मण्डल के सदस्य उससे प्रभावित हों। अक्सर पूछा जाने वाला प्रश्न है, आप आरएएस अधिकारी क्यों बनना चाहते हैं? इसके लिए आपके पास स्पष्ट दृष्टिकोण और वजह होनी चाहिए, बनावटी उत्तर बिल्कुल न दें।

## एनटीसीए की रिपोर्ट: विगत दस वर्षों में हुई 1105 बाघों की मौत

# बाघों के संरक्षण पर उठते सवाल



ज्ञानेन्द्र रावत
वरिष्ठ पत्रकार व पर्यावरणविद्



> एनटीसीए के दावों को सही मानें तो इन बाघों की मौतों के पीछे जंगल में बाघों की बढ़ती तादाद और उनका दूसरे वन्यजीवों के साथ दिनोंदिन बढ़ता संघर्ष है। इससे इस बात की पुष्टि होती है कि बाघों को बाहरी लोगों के मुकाबले अपनों से ज्यादा खतरा है। विशेषज्ञों का इस बारे में यह मानना है कि जिन बाघों की मौतों की जांच एनटीसीए ने अध्ययन के बाद बंद कर फाइनल रिपोर्ट लगा दी है, उनमें 70 फीसदी से ज्यादातर बाघों की मौत आपसी संघर्ष और दूसरे वन्यजीवों के हमलों के कारण हुई है।

राष्ट्रीय पशु बाघ के संरक्षण पर हमेशा से सवाल उठते रहे हैं। वह चाहे उसके शिकार का सवाल हो, शिकारियों पर अंकुश का सवाल हो, वन्य जीवों के अंगों की तस्करी करने वाले माफिया से अधिकारियों की मिलीभगत का सवाल हो, उनकी संख्या का सवाल हो, उनकी मौत के आंकड़ों का सवाल हो, उनके संरक्षण का हो या उसमें प्रबंधन में नाकामी का सवाल हो, यह कोई नई बात नहीं है। अभी हाल फिलहाल जो बात खुलकर सामने आई है वह यह कि बाघों की जान को बाहरियों के मुकाबले अपनों से ज्यादा खतरा है। सबसे बड़ी बात यह कि इसका खुलासा खुद राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण यानी एनटीसीए ने बीते दस साल में मारे गए बाघों की मौत के मामले में विस्तृत अध्ययन के बाद किया है। एनटीसीए की रिपोर्ट की मानें तो पिछले दस सालों में तकरीबन 1105 बाघों की मौत हुई है।

एनटीसीए के अनुसार उसने 2012 से 2022 तक मारे गए 1105 बाघों की पोस्टमार्टम व फॉरेंसिक रिपोर्ट की विस्तृत जांच की है लेकिन सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि उसमें से 27.97 फीसदी बाघों की मौत की पहेली अनसुलझी है। इसका खुलासा कर पाना विशेषज्ञों के लिए आज भी बहुत बड़ी चुनौती बनी हुई है। वे आज भी किसी निष्कर्ष पर पहुंचने में नाकाम रहे हैं कि इन बाघों की मौत के पीछे वन्यजीव तस्कर या शिकारी हैं या इसका कोई और कारण है।

इसकी जांच में विशेषज्ञ आज भी रात-दिन जी तोड़ मेहनत कर शोध में लगे हुए हैं जबकि उन्होंने तकरीब 72.03 फीसदी बाघों की मौत के कारणों का खुलासा कर अंतिम रिपोर्ट भी दे दी है। जहां तक इस साल के बीते आठ महीनों का सवाल है, इस दौरान एनटीसीए की मानें तो कुल मिलाकर 125 बाघों की मौत हो चुकी है, उस स्थिति में जबकि अभी भी साल खत्म होने में चार महीने बाकी हैं। यदि बीते साल 2022 पर नजर डालें तो उसके बारह महीनों में 121 बाघों की मौत हुई थी। एनटीसीए के दावों को सही मानें तो इन बाघों की मौतों के पीछे जंगल में बाघों की बढ़ती तादाद और उनका दूसरे वन्यजीवों के साथ दिनोंदिन बढ़ता संघर्ष है। इससे इस बात की पुष्टि होती है कि बाघों को बाहरी लोगों के मुकाबले अपनों से ज्यादा खतरा है। विशेषज्ञों का इस बारे में यह मानना है कि जिन बाघों की मौतों की जांच एनटीसीए ने अध्ययन के बाद बंद कर फाइनल रिपोर्ट लगा दी है, उनमें 70 फीसदी से ज्यादातर बाघों की मौत आपसी संघर्ष और दूसरे वन्यजीवों के हमलों के कारण हुई है। वह बात दीगर है कि वन विभाग जंगल में हुई इन बाघों की मौतों को प्राकृतिक मौत करार देता है। उसके अनुसार इनमें बीमारी, बढ़ती उम्र यानी उनका बूढ़ा हो जाना, आपसी संघर्ष व दूसरे वन्यजीवों के हमले अहम हैं। एनटीसीए का मानना है कि यह तब है जबकि बाघों के शिकार पर काफी हद तक वन अधिकारियों और पुलिस बल की चुस्ती और कड़ी मेहनत के बलबूते अंकुश पा लिया है। जहां तक अभयारण्यों का सवाल है, उत्तराखण्ड स्थित कार्बेट टाइगर रिजर्व बाघों के घनत्व के मामले में समूचे देश के टाइगर रिजर्व में शीर्ष पर है।

> वह बात दीगर है कि केन्द्र सरकार द्वारा वन्यजीवों को बचाने की खातिर वन्य जीव संरक्षण संशोधन अधिनियम 2022 अधिनियमित किए जाने के फलस्वरूप पुराने कानूनों में बदलाव के सार्थक परिणाम सामने आने लगे हैं और वन्यजीवों व वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों पर अंतरराष्ट्रीय व्यापार सम्मेलन, साइट्स के तहत भारत पर दायित्वों को और प्रभावी बनाने का दबाव भी बढ़ा है। यह तथ्य भी कम महत्वपूर्ण नहीं है कि समृद्ध पारिस्थितिकी तंत्र के लिए जीवों और वनस्पतियों व पौधों की विविधता का स्वस्थ होना बेहद जरूरी है।

कुल मिलाकर 1288.31 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले इस टाइगर रिजर्व में तकरीबन 260 बाघ हैं। यहां भी पिछले चार सालों में 29 बाघ बढ़े हैं। 2014 में यह तादाद 215 थी। आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि 2018 के बाद यहां बाघों की तादाद 12.5 फीसदी बढ़ी। जबकि 2021 से पाखरो टाइगर सफारी को लेकर कार्बेट टाइगर रिजर्व लगातार चर्चा में रहा। टाइगर सफारी के लिए अनुमति से ज्यादा यहां पर बड़े पैमाने पर पेड़ों का कटान, बिना अनुमति कालागढ़ व पाखरो वन क्षेत्र में अवैध निर्माण का मामला काफी दिनों तक अखबारों की सुर्खियों में रहा। गौरतलब है कि प्रकरणों की काफी जद्दोजहद के बाद हुई जांच में इन मामलों की पुष्टि हुई थी। इसके बाद बाघों के वास स्थलों का भी मामला काफी चर्चित रहा।

यहां इस तथ्य को भी नकारा नहीं जा सकता कि उत्तराखंड में 2018 की गणना में कुल मिलाकर 441 बाघ थे जो 2022 में बढ़कर आंकड़ा 560 के पार जा पहुंचा। राज्य में टाइगर रिजर्व क्षेत्र में पेड़ों के अंधाधुंध अवैध कटान, वन विभाग की 2171 बीघा जमीन भूमाफिया और अधिकारी व वनविभाग की मिलीभगत के चलते बेच दिए जाने और वनक्षेत्र व रिजर्व में अवैध निर्माण के बावजूद जहां बाघों की तादाद में बढोतरी महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

वहीं इस रिजर्व में चुनौतियां भी काफी बढ़ी हैं, जिनसे पार पाना वन विभाग के लिए आसान नहीं है। इसके साथ यह भी गौरतलब है कि बाघों की बढ़ती मौतों की असली वजह उनका तेजी से बढ़ती तादाद और अपने क्षेत्र पर दूसरे का प्रवेश बर्दाश्त न कर पाना तो है ही, आपसी संघर्ष भी है, इसमें बीमार, बूढ़े और अशक्त हो चुके बाघों पर अस्तित्व की खातिर युवा बाघों के हमले भी अहम हैं जिसे नजरंदाज नहीं किया जा सकता। भले ही एनटीसीए बाघों के शिकार पर लाख अंकुश का दावा करे देश में बाघों की खाल, अंगों सहित वन्यजीव तस्करों की गिरफ्तारी, आए दिन होती उनकी मौतों के बढ़ते आंकड़े इसके सबूत हैं कि इस दिशा में अभी बहुत कुछ करना बाकी है। वह बात दीगर है कि केन्द्र सरकार द्वारा वन्यजीवों को बचाने की खातिर वन्य जीव संरक्षण संशोधन अधिनियम 2022 अधिनियमित किए जाने के फलस्वरूप पुराने कानूनों में बदलाव के सार्थक परिणाम सामने आने लगे हैं और वन्यजीवों व वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों पर अंतरराष्ट्रीय व्यापार सम्मेलन, साइट्स के तहत भारत पर दायित्वों को और प्रभावी बनाने का दबाव भी बढ़ा है। यह तथ्य भी कम महत्वपूर्ण नहीं है कि समृद्ध पारिस्थितिकी तंत्र के लिए जीवों और वनस्पतियों व पौधों की विविधता का स्वस्थ होना बेहद जरूरी है। इनमें मानवीय भूमिका के महत्व को नकारा नहीं जा सकता। लेकिन इसके लिए वन्यजीवों के साथ संघर्ष, उनके शिकार पर अंकुश तथा जीवों और वानस्पतिक विरासत के प्रति हमारा संवेदनशील रवैया बेहद जरूरी है तभी कुछ बदलाव की उम्मीद की जा सकती है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

---

**व्यंग्य**

# हंड्रेड रैंकिंग का शोर, फिर भी साहित्य बोर



सूर्यदीप कुशवाहा
व्यंग्यकार

फलाना परिषद की साहित्यिक रैंकिंग में हंड्रेड दमदार ढिकाना लोगों को शामिल किया गया। जिनके नाम अंकित थे वो सुनियोजित खबरें बांट रहे थे और जिनके नाम नदारद रहे वो इसको बकवास रैंकिंग बता रहे हैं। खैर पहले वाली सस्नेह संस्था की रैंकिंग का बखेड़ा अभी शांत भी न हुआ था कि चमकाना परिषद ने भी आनन-फानन में अपनी हंड्रेड रैंकिंग इसरो की चंद्रयान-सी लांच कर दी। वैसे रैंकिंग की सोशल मीडिया में बधाई के साथ भर्त्सना भी साथ-साथ चल रही है। पूरे देश से छांटकाट और बायकॉट करना आसानी से संस्थाएं कर लेती हैं।


बस जुड़ने वालों को साहित्यिक न्योछावर प्रथा का अनुसरण आना चाहिए। हिस्से में रैंकिंग का नंबर लगने का चांस बनेगा। किस्मत चमकेगी तो रैंकिंग ऊपर बढ़ेगी। साहित्यिक गतिविधियों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना भी एक कला है। टपोरी टाइप इंट्री भी आपको रैंकिंग में लाने में असमर्थ होगी, अगर आप साहित्य को सेवा की मन्नत समझते हैं तब। भई अब साहित्य में प्रोफेशनल लोगों की इंट्री हो गई है जिससे प्रतिस्पर्धाएं नहीं वरन खोखला आकार साहित्य जगत में चेप और बेंच रहा है। इसे साहित्य का उन्नयन काल बताया जा रहा है। और अखबारों से साहित्य पेज ब्लैक होल में समा रहे हैं। मन में विचार कौंध रहा है किसको? जिसको रैंकिंग की बिरादरी से बेदखल कर दिया गया हो।

वार्षिक रैंकिंग की आंधी में वरिष्ठ सूरमा भोपाली भी गरिष्ठ साहित्यिकुमारों से पिछड़ हंड्रेड रैंकिंग में जगह बमुश्किल बना पा रहे हैं। शायद उम्र के तकाजा को भांप कर उनके लेखन के धार को वे कुंद समझ रही हैं। जबकि वह पितामह है। उनके एक ही प्रहार से गरिष्ठ साहित्यकुमारों की बखिया उधड़ जाए।

आज बचपन जरूर भारी है पचपन पर। सौ पुस्तक आहुति देने वाले भी पीछे हैं जबकि एक दो किताबी यज्ञ वाले सुकुमार उनसे आगे चलते चले गए। हंड्रेड रैंकिंग यज्ञ की पूर्णाहुति में लोचा दिखा जिसको वह सोशलमीडिया में डैचू ढंचू कर रहा है...! और जो रैंकिंग की लाटरी लगा पाया, वह लार बहा-बहा कर पोस्ट और पोस्टिंग का शेयर-शेयर खेल का आनंद उठा रहा है। खबरें अखबारों में चेप रहा है। हंड्रेड रैंकिंग का शोर, फिर भी साहित्य बोर हो रहा है। विडंबना देखिए महारथियों की भरमार है फिर भी रैंकिंग पर बवाल है। लोकतंत्र में वोट से इवीएम से चुने हुए जनप्रतिनिधि पर भी हेर-फेर या धांधली का आरोप लगता है तो फिर हंड्रेड चुनने की पारदर्शी परम्परा पर प्रश्नचिन्ह लगना लाजमी है...! साहित्यकार भी आम आदमी हैं। इन्हें दूसरे ग्रह का वासी न समझें कि वह जलन कानाफुंसी, साम, दाम दंड, भेद और स्वार्थ से परे होंगे। साहित्य नीचे थोड़े ही गिरता है बल्कि साहित्यकार नीचे गिरने में अपना शान समझ रहा है। एक बार फिर ताजा हंड्रेड रैंकिंग विवाद से रूबरू...!



**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
राजस्थान की हर बहन की सुरक्षा, सम्मान व सुगमता हमारी प्राथमिकता है।



**सोनू सूद,** बॉलीवुड अभिनेता
@SonuSood
फतेह के लिए एक बड़े ब्लॉकबस्टर डांस नंबर की योजना बना रहा हूं। कोई सुझाव?

---

**यादों की पोटली से...**

# तिरंगे को देश प्रेम की अविरल धारा में निश्छल बहने दीजिए



मुकुल गोस्वामी,
लेखक आकाशवाणी व दूरदर्शन कमेंटेटर, खिलाड़ी और प्रसारणकर्मी हैं

> जब भारत एक के बाद एक मैच जीतता गया तो हमारा उत्साह चरम पर था। स्वाभिमान से हम मैदान में घूमते थे। "इण्डिया गुड टीम" हमें देखते ही लोग बोल उठते थे। वर्ष 2004 के एथेंस ओलम्पिक में भी पदक को तरसते हम प्रसारक मीडिया कॉम्प्लेक्स में सर छुपाते घूमते थे। 100 करोड़ की आबादी वाले देश को कोई मैडल नहीं। दिल में चुभता था।



चन्द्रमा पर भारत के विक्रम ने कदम क्या रखा, भारत की फिजां ही बदल गई। उत्साह की ऐसी लहर दौड़ी की मन मयूर नाच उठा। हर आदमी एक दूसरे को बधाई दे रहा था। मिठाई बांट रहा था, खुश था। सोशल मीडिया अटा पड़ा था चन्द्रमा की खबरों से। मन को एक अजीब सा सुकून मिल रहा था कि आप भी कुछ हो। कुछ-कुछ ऐसा ही उत्साह 1983 में छाया था, जब भारत ने विश्व कप क्रिकेट जीता था। अप्रत्याशित जीत मिलने पर देश भौंचक था। जमकर जश्न मना।

वर्ष 2012 के विश्वकप के बाद भी यही हाल था। भारत का तिरंगा चारों तरफ लहरा रहा था। राष्ट्रीय गर्व का विषय था। नीरज चोपड़ा ने भी कुछ ऐसा ही कमाल दिखाया। कमाल है राष्ट्रप्रेम कितना बढ़िया धागा है जो सभी को एकसूत्र में पिरो देता है। वर्ष 2003 के विश्वकप क्रिकेट की बात है। दक्षिण अफ्रीका के लोग भारत के खराब प्रदर्शन को लेकर बहुत चिंतित थे। होटल के शेफ से लेकर टैक्सी ड्राइवर तक हमसे क्रिकेट एक्सपर्ट की तरह सवाल पूछते थे। भारत के खराब प्रदर्शन से हम सभी का मन दुखी होता था। हजारों लोगों ने फाइनल मैच की टिकट बुक करा रखी थी और उन्हें चिंता थी कि भारत सेमी फाइनल भी खेल पाएगा या नहीं। जब भारत एक के बाद एक मैच जीतता गया तो हमारा उत्साह चरम पर था। स्वाभिमान से हम मैदान में घूमते थे।

"इण्डिया गुड टीम" हमें देखते ही लोग बोल उठते थे। वर्ष 2004 के एथेंस ओलम्पिक में भी पदक को तरसते हम प्रसारक मीडिया कॉम्प्लेक्स में सर छुपाते घूमते थे। 100 करोड़ की आबादी वाले देश को कोई मैडल नहीं। दिल में चुभता था।

विश्व के सारे देशों के मीडिया हाउस वहां थे। छोटे से छोटे देश को गोल्डन पार्टी का मौका मिला पर हम तरसते रहे। अब परिदृश्य बदला है। कम से कम मैडल तालिका हमें शर्मिंदा तो नहीं करती। लेकिन बहुत कम अवसर होते हैं जब हम गर्व से सीना तानें। भतीजा स्विटजरलैंड में रहता है, बोलता है अब हम लोग भारतीय होने का दर्प महसूस करते हैं पहले नहीं था। बिटिया अमेरिका गई, बोली पापा भारतीय बुद्धि का लोहा पूरे अमेरिका में है।

पर सोचिये क्या हम अपने राष्ट्र पर गर्व करते हैं। राष्ट्रप्रेम की भावना हमारे भीतर अन्य देश के नागरिकों की तरह कूट-कूट कर भरी है? शायद नहीं। हम अपने परिवार की सोचते हैं। ज्यादा से ज्यादा समाज की सोच लेंगे। राष्ट्र की कम सोचते हैं।

जब आप विदेश जाते हैं तो आपसे पूछा जाता है "फ्रॉम इण्डिया?" न तो कोई राजस्थानी होता है ना ही हरियाणवी। सब भारतीय होते हैं। भारत में आते ही हम वापिस बंट जाते हैं। "फ्रॉम राजस्थान।" फ्रॉम साउथ। 15 अगस्त को कितने घर थे जिन्होंने तिरंगा लहराया था। क्यूंकर किसी प्रधानमंत्री को आह्वान करना पड़ता है कि आप तिरंगा लहराएं। सच बताऊं छतों पर तिरंगा फहराते देख कर एक अजीब सी गर्व भरी सनसनी दिल में दौड़ गयी थी। वैसी ही गर्वान्भुती जैसे राकेश वर्मा अंतरिक्ष यात्री से जब इंदिरा गांधी ने पूछा था, अंतरिक्ष से भारत कैसा दिखता है? उत्तर था, " सारे जहां से अच्छा।" शहर-शहर, गांव-गांव घर घर लहराता तिरंगा हमें एक अद्भुत राष्ट्र प्रेम से सराबोर कर देता है ना? हर घर तिरंगा की साईट पर 140 करोड़ के देश के नागरिकों में सिर्फ दस करोड़ ने राष्ट्र ध्वज के साथ तस्वीर शेयर की। तिरंगे को राजनीति से दूर रखिये साहब। इसे तो देश प्रेम की अविरल धारा में निश्छल बहने दीजिए।

क्या आपको पता है, 13 से 15 अगस्त तक इन्स्टा में 6 अरब लोगों ने तिरंगा को देखा है। 1.4 अरब के देश में 6 अरब प्रिंट होना एक नए भारत का शंखनाद कर रहा है। भाई अशोक मुखर्जी का एक गाना याद आरहा है, "जहां न कोई छल होगा एक सुनहरा कल होगा।" इसरो के चंद्रयान के लेंड करने पर किये गए ट्वीट को संशोधन के साथ लिख रहा हूं। "भारत तुम चांद तक पंहुच गए हो।" "मैं" नहीं इसरो "भारत" लिखिए भारत।

### बसपा प्रमुख मायावती की दो टूक: न राजग के साथ और ना इंडिया से गठबंधन, पर अन्य पार्टियों में संशय कायम

# BSP अपने बूते पर लड़ेगी लोस व चार राज्यों के विधानसभा चुनाव

एजेंसी | लखनऊ

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने बुधवार को राजस्थान और मध्य प्रदेश समेत चार राज्यों के आगामी विधानसभा चुनाव और अगला लोकसभा चुनाव अपने बलबूते लड़ने का ऐलान किया। मायावती ने सोशल नेटवर्किंग मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर किए गए सिलसिलेवार पोस्ट में कहा, भाजपा नीत एनडीए और विपक्षी गठबंधन इंडिया में अधिकतर गरीब-विरोधी जातिवादी, साम्प्रदायिक, धन्नासेठ-समर्थक व पूंजीवादी नीतियों वाली पार्टियां हैं जिनकी नीतियों के विरुद्ध बसपा अनवरत संघर्षरत है और इसीलिए इनसे गठबंधन करके चुनाव लड़ने का सवाल ही पैदा नहीं होता। अतः मीडिया से अपील-नो फेक न्यूज प्लीज। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा, बसपा, विरोधियों के जुगाड/जोड़तोड़ से ज्यादा समाज के टूटे/बिखरे हुए करोड़ों उपेक्षितों को आपसी भाईचारा के आधार पर जोड़कर उनके गठबंधन से सन् 2007 की तरह अकेले आगामी लोकसभा चुनाव तथा चार राज्यों में विधानसभा चुनाव लड़ेगी।



### BJP से मिलीभगत के आरोपों पर कसा तंज

मायावती ने आगे कहा, वैसे तो बसपा से गठबंधन के लिए यहां सभी आतुर हैं लेकिन ऐसा न करने पर विपक्षी दलों द्वारा खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे की तरह भाजपा से मिलीभगत के आरोप लगाये जाते हैं। इनसे मिल जाएं तो सेक्युलर, न मिलें तो भाजपाई। यह घोर अनुचित है और अंगूर मिल जाए तो ठीक वरना अंगूर खट्टे हैं, की कहावत जैसा है।

### इमरान मसूद पर भी साधा निशाना

उन्होंने बसपा से निष्कासित किए गए पूर्व विधायक इमरान मसूद की तरफ इशारा करते हुए कहा, बसपा से निकाले जाने पर सहारनपुर के पूर्व विधायक कांग्रेस व उस पार्टी के शीर्ष नेताओं की प्रशंसा में व्यस्त हैं, जिससे लोगों में यह सवाल स्वाभाविक है कि उन्होंने पहले यह पार्टी छोड़ी क्यों और फिर दूसरी पार्टी में गए ही क्यों? ऐसे लोगों पर जनता कैसे भरोसा करे?

### रुख साफ होने के बाद ही फैसला



**मुंबई।** राकांपा सुप्रीमो शरद पवार ने बुधवार को कहा कि मायावती के नेतृत्व वाली पार्टी को विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में शामिल करने पर कोई भी निर्णय तब तक नहीं लिया जा सकता जब तक यह स्पष्ट न हो जाए कि वह किसके पक्ष में हैं। पवार ने यहां संवाददाताओं से बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। पवार ने कहा, मायावती किस पक्ष में हैं, इस पर कोई स्पष्टता नहीं है। वह अतीत में भाजपा के साथ बातचीत कर चुकी हैं। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि वह अब भी ऐसा करेंगी। लेकिन जब तक स्पष्टता नहीं होगी इस पर कोई निर्णय नहीं लिया जा सकता।

### राजग के साथ हाथ मिलाती हैं, तो स्वागत: अठावले

**जालना।** केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने बुधवार को कहा कि बसपा अध्यक्ष मायावती यदि राजग के साथ हाथ मिलाने का फैसला करती हैं तो वह इसका स्वागत करेंगे। लेकिन बसपा को गठबंधन का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करने के बारे में फैसला राजग की अगुवाई करने वाली भाजपा पर निर्भर है। अठावले जालना में अपनी रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) की बैठक से पहले पत्रकारों से बात कर रहे थे। अठावले ने कहा, उनकी पार्टी चुनाव लड़ने के लिए दो संसदीय सीटों और 10-12 विधानसभा सीटों की मांग करेगी।

### महबूबा ने बेटी को बनाया मीडिया सलाहकार



**श्रीनगर।** इल्तिजा मुफ्ती को बुधवार को पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष और उनकी मां महबूबा मुफ्ती का मीडिया सलाहकार नियुक्त किया गया। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता यह जानकारी दी। समझा जाता है कि इस पदभार के साथ इल्तिजा राजनीति के क्षेत्र में कदम रख रही हैं। इल्तिजा मुफ्ती 2019 से महबूबा मुफ्ती के सोशल मीडिया मंचों को संभाल रही हैं। इल्तिजा ने अपनी नियुक्ति के बाद बताया, ऐसे समय में जब जम्मू-कश्मीर के लोग खुद को पूरी तरह से अराजकता, निराशा और अंधेरे में फंसा हुआ पाते हैं, उनकी हर संभव तरीके से मदद करना मेरे लिए सम्मान की बात है।

### पूर्व मुख्यमंत्री कुमारस्वामी अस्पताल में भर्ती

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी को कमजोरी और बेचैनी की शिकायत के बाद बुधवार को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अपोलो अस्पताल ने एक स्वास्थ्य बुलेटिन में कहा कि कुमारस्वामी की तुरंत जांच के बाद उपचार शुरू कर दिया गया। कुमारस्वामी की रक्तचाप और दिल की धड़कन स्थिर है। उन्हें चिकित्सकों की कड़ी निगरानी में रखा गया है।

### झामुमो के उपाध्यक्ष प्रह्लाद पूर्ति ने पार्टी से दिया इस्तीफा

**बारिपदा।** झामुमो की ओडिशा इकाई के उपाध्यक्ष प्रह्लाद पूर्ति ने पार्टी के राज्य नेतृत्व के साथ मतभेदों के कारण बुधवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। झामुमो केंद्रीय समिति के अध्यक्ष शिबू सोरेन को लिखे एक पत्र में पूर्ति ने आरोप लगाया कि प्रदेश अध्यक्ष ने खुद उन्हें पार्टी छोड़ने के लिए कहा है।

### संसद की विशेषाधिकार समिति ने मंजूरी दी

# लोस से अधीर रंजन का निलंबन किया रद्द

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी के लोकसभा से निलंबन को बुधवार को निरस्त कर दिया। इस सिलसिले में संसद की एक समिति के सिफारिश करने के कुछ ही घंटों बाद यह कदम उठाया गया।

लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी एक अधिसूचना में कहा गया है, सदन की सेवा से अधीर रंजन चौधरी, सांसद, का निलंबन 10 अगस्त 2023 को विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट सौंपे जाने तक प्रभावी था, जिसे 30 अगस्त 2023 के प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। इससे पहले दिन में, चौधरी लोकसभा की विशेषाधिकार समिति के समक्ष उपस्थित हुए और सदन में अपने आचरण को लेकर खेद प्रकट किया, जिसके बाद समिति ने उनका निलंबन निरस्त करने के लिए आम सहमति से एक प्रस्ताव स्वीकृत किया। समिति की रिपोर्ट तुरंत ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को भेजी गई।



फाइल फोटो

### यह था मामला

हाल ही में संपन्न संसद के मानसून सत्र में लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर हुई चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी को, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर की गई कुछ टिप्पणियों और उनके आचरण के कारण 10 अगस्त को सदन की कार्यवाही से निलंबित कर दिया गया था। इसके साथ ही उनके खिलाफ इस मामले को जांच के लिए विशेषाधिकार समिति के पास भेज दिया गया था।

### टिप्पणियों के लिए जताया खेद

समिति के समक्ष उपस्थित होते हुए चौधरी ने सदन में खुद के द्वारा की गई कुछ टिप्पणियों को लेकर खेद भी प्रकट किया। उनकी टिप्पणियों के कारण वह 10 अगस्त को लोकसभा से निलंबित कर दिए गए थे। समझा जाता है कि कांग्रेस सांसद चौधरी ने भारतीय जनता पार्टी के सांसद सुनील सिंह की अध्यक्षता वाली समिति को बताया कि उनका किसी की भावना को आहत करने का कोई इरादा नहीं था, और अपनी कुछ टिप्पणियों के लिए खेद प्रकट किया है।

### पक्ष रखने का दिया था मौका

इसके पहले समिति के एक सदस्य ने कहा, समिति ने लोकसभा से चौधरी के निलंबन को निरस्त करने के प्रस्ताव को स्वीकृत कर लिया है। प्रस्ताव को यथाशीघ्र स्पीकर के पास भेजा जाएगा। समिति की 18 अगस्त को हुई बैठक में कई सदस्यों ने यह विचार प्रकट किया था कि चौधरी के आचारण को लेकर लोकसभा द्वारा उन्हें दंडित किया गया है नैसर्गिक न्याय की प्रक्रिया के रूप में समिति ने चौधरी को अपने समक्ष बुधवार को उपस्थित होने को कहा था।

### मायानगरी में नजर आए सियासत के कई रंग

# ममता की अमिताभ से मुलाकात उद्धव ठाकरे को बांधी राखी

एजेंसी | मुंबई

विपक्षी गठबंधन इंडिया की 31 अगस्त व 1 सितंबर को यहां होटल हयात में प्रस्तावित बैठक को लेकर देश की वित्तीय राजधानी बुधवार को राजनीतिक सरगर्मियों का केंद्र रही। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी समेत विपक्ष के कई दिग्गज नेता मुंबई पहुंच गए हैं।

सियासी गहमागहमी के बीच मायानगरी में दिनभर राजनीतिक तीर भी खूब चले, वहीं सामाजिक सौजन्यता भी नजर आई। ममता बनर्जी ने बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन से मुंबई स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। अमिताभ, पिछले साल कोलकाता अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के उद्धघाटन समारोह में शामिल हुए थे। बाद में बनर्जी ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने अभिनेता को कोलकाता आने का आमंत्रण दिया है। बाद में ममता बांद्रा में स्थित ठाकरे के आवास 'मातोश्री' पहुंचीं और उन्हें राखी बांधी।



### मित्र साइरस पूनावाला की सलाह- शरद पवार को अब सेवानिवृत्त हो जाना चाहिए

**पुणे।** राकांपा प्रमुख शरद पवार के मित्र एवं उद्योगपति साइरस पूनावाला ने कहा कि पवार (82) दो बार प्रधानमंत्री बनने से चूक गए और बढ़ती उम्र को देखते हुए उन्हें सेवानिवृत्त हो जाना चाहिए। एक कार्यक्रम से इतर पूनावाला ने बुधवार को कहा,शरद पवार को मेरी सलाह... उनके पास प्रधानमंत्री बनने के दो मौके थे, लेकिन वह चूक गए। वह एक चतुर व्यक्ति हैं। वह प्रधानमंत्री के रूप में अच्छी सेवा कर सकते थे लेकिन वे मौके खत्म हो गए। मेरी भी उम्र बढ़ रही है और उनकी भी उम्र बढ़ रही है इसलिए उन्हें सेवानिवृत्त हो जाना चाहिए। पूनावाला, पूनावाला समूह के अध्यक्ष हैं, जिसमें सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया भी शामिल है।

### 'इंडिया' के पास कई विकल्प, BJP के पास एक

शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के पास प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाने के लिए कई विकल्प हैं, जबकि भाजपा के पास क्या विकल्प हैं? केवल एक ही विकल्प है।

**लालू यादव जांच के लिए पहुंचे अस्पताल:** राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव बुधवार को लगातार दूसरे दिन यहां स्थित एशियन हार्ट इंस्टिट्यूट पहुंचे। एक दिन पहले यादव अपने बेटे और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ नियमित जांच के लिए अस्पताल पहुंचे थे।

### दिल्ली: सीएम केजरीवाल का भाजपा पर प्रहार

# नया सेवा अधिनियम मंत्रियों के आदेश न मानने का लाइसेंस

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को आरोप लगाया कि दिल्ली के लिए नया सेवा अधिनियम अधिकारियों को निर्वाचित सरकार के आदेशों के खिलाफ 'खुली बगावत' करने और मंत्रियों के निर्देशों की अवहेलना करने का लाइसेंस देता है। केजरीवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, अधिकारियों ने निर्वाचित मंत्रियों के आदेश को अस्वीकार करना शुरू कर दिया है। क्या कोई राज्य या देश या संस्थान इस तरह से काम कर सकता है? यह कानून दिल्ली को बर्बाद कर देगा और भाजपा यही चाहती है। अधिनियम को यथाशीघ्र निरस्त किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री की यह तीखी प्रतिक्रिया सेवा मामलों की मंत्री आतिशी के बयान के बाद आई है। आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि प्रधान सचिव (वित्त) ए.सी.वर्मा ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) रिफंड से जुड़े मामले में उच्च न्यायालय द्वारा दिल्ली सरकार के खिलाफ दिए गए फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देने के लिए वकील नियुक्त करने संबंधी उनके निर्देश को मानने से इनकार कर दिया है। आतिशी के पास केजरीवाल सरकार में सेवा और सतर्कता सहित कई विभाग हैं।

उन्होंने इससे पहले आरोप लगाया था कि मुख्य सचिव नरेश कुमार दिल्ली सरकार के विभागों और राष्ट्रीय राजधानी नागरिक सेवा प्राधिकरण के बीच समन्वय से जुड़े आदेश का अनुपालन नहीं कर रहे हैं।




## चुनाव आयोग की राजनीतिक दलों के साथ बैठक

एजेंसी | आइजोल

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने इस साल के अंत में निर्धारित मिजोरम विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव से संबंधित समस्याओं पर चर्चा करने के लिए यहां विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बुधवार को बैठक की। कुमार ने संवाददाताओं को बताया कि 95 मतदान केंद्रों को महिलाओं द्वारा प्रबंधित किया जाएगा जबकि 11 का प्रबंधन दिव्यांग करेंगे।

आयोग ने चुनाव से संबंधित मुद्दों पर चर्चा के लिए कांग्रेस, भाजपा, आम आदमी पार्टी, मिजो नेशनल फ्रंट सहित विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। कुमार ने कहा, सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने हमसे उम्मीदवारों के खर्च की सीमा को बढ़ाने का अनुरोध किया।

### वकीलों का विरोध प्रदर्शन



**हापुड़।** हापुड़ में पुलिस ने बुधवार को वकीलों पर लाठीचार्ज किया। बाद में इसके विरोध में वकीलों ने शहर में प्रदर्शन किया। -पीटीआई

### सिद्धरमैया सरकार ने शुरू की गृह लक्ष्मी योजना


# कर्नाटक में कांग्रेस के काम अब पूरे देश में दोहराए जाएंगे: राहुल गांधी

- 1.1 करोड़ महिलाओं को मिलेगी 2,000 रुपए की मासिक सहायता
- 'गृह लक्ष्मी' योजना के लिए 17,500 करोड़ का बजट तय

एजेंसी | मैसुरु

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि पार्टी ने कर्नाटक में लोगों से चुनाव से पहले किए गए प्रमुख वादों को पूरा किया है और मुख्यमंत्री सिद्धरमैया नीत सरकार द्वारा किए गए कामों को पूरे देश में दोहराया जाएगा।

कर्नाटक में एक और प्रमुख चुनावी वादा पूरा करते हुए कांग्रेस सरकार ने बुधवार को 'गृह लक्ष्मी' योजना शुरू की जिसके तहत करीब 1.1 करोड़ महिलाओं को 2,000 रुपये की मासिक सहायता दी जाएगी। राज्य सरकार ने चालू वित्त वर्ष में 'गृह लक्ष्मी' योजना के लिए 17,500 करोड़ रुपये का बजट तय किया है। अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के अध्यक्ष एम. मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार महाराजा कॉलेज मैदान में हुए एक सार्वजनिक कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम में हजारों लोग शामिल हुए। इस अवसर पर राहुल गांधी ने कहा, हम अपने वादों पर कायम हैं। हम कभी झूठे वादे नहीं करते हैं। कर्नाटक में हमने जो काम किए हैं, उन्हें पूरे देश में दोहराया जाएगा। गृह लक्ष्मी योजना कांग्रेस की चुनाव से पहले दी गई पांच गारंटी में से एक है।



राहुल ने कहा,कर्नाटक में कांग्रेस की पांच 'गारंटी' महज योजनाएं नहीं बल्कि शासन का मॉडल है। उन्होंने 'गृह लक्ष्मी' योजना को दुनिया की सबसे बड़ी नकद हस्तांतरण योजना भी कहा, जिसके तहत 2,000 रुपए सीधे लाखों महिला लाभार्थियों के बैंक खातों में स्थानांतरित किए जाएंगे।

### यह हैं गारंटियां एवं वादे

कांग्रेस ने चुनाव के दौरान पांच 'गारंटियों'- 'शक्ति', 'गृह ज्योति', 'अन्नभाग्य', 'गृह लक्ष्मी' और 'युवा निधि' - को लागू करने का वादा किया था। राहुल गांधी ने कहा कि 'शक्ति' योजना के तहत महिलाएं कर्नाटक में कहीं भी सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा कर सकती हैं। जबकि 'गृह ज्योति' योजना के तहत प्रति माह 200 यूनिट बिजली मुफ्त प्रदान की जाती है। 'अन्न भाग्य' योजना 10 किलो चावल प्रदान किए जाते हैं, जबकि 'युवा निधि' योजना के तहत ऐसे बेरोजगार स्नातकों और डिप्लोमा धारकों को क्रमशः 3,000 रुपए और 1,500 रुपये प्रति माह देने का वादा है, जो 2022-23 शैक्षणिक वर्ष में परीक्षाएं उत्तीर्ण करने के छह महीने के बाद भी नौकरी पाने में विफल रहे हैं।

### पांच में से चार गारंटियां महिलाओं के लिए

गांधी ने कहा, युवा निधि' योजना को छोड़कर, चार गारंटी (शक्ति, गृह लक्ष्मी, गृह ज्योति और अन्न भाग्य) राज्य की महिलाओं के लिए हैं। इन चार गारंटियों के पीछे एक गहरी सोच है। कांग्रेस सांसद गांधी ने कर्नाटक की महिलाओं की तुलना पेड़ की जड़ों से करते हुए कहा कि अगर जड़ें मजबूत हों तो पेड़ किसी भी तूफान को झेल सकता है।

### केंद्र सरकार पर कसा तंज

केंद्र में भाजपा नीत सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि इन दिनों एक 'फैशन' है कि दिल्ली में सरकार केवल अरबपतियों के लिए काम करती है। उन्होंने कहा, हमारी सोच यह है कि सरकार को गरीब लोगों के कल्याण के लिए काम करना चाहिए। खरगे ने कहा कि भारत में किसी भी सरकार ने ऐसी कोई योजना शुरू नहीं की है और हर कोई इसे अपने राज्य में लागू करने का इच्छुक है।

### युवाओं को हर माह दिए जाएंगे 3000 रुपए

इससे पहले, मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा था कि उनकी सरकार ने पांच में तीन गारंटी (चुनाव पूर्व वादे)- शक्ति', 'गृह ज्योति' और 'अन्न भाग्य' पहले ही लागू कर दी हैं तथा चौथी गारंटी 'गृह लक्ष्मी' है। सरकार की पांचवीं गारंटी 'युवा निधि' के तहत स्नातक कर चुके और डिप्लोमा धारक ऐसे बेरोजगार युवाओं को हर महीने क्रमश: 3,000 रुपए और 1,500 रुपए देने का प्रावधान है जिन्हें 2022-23 अकादमिक वर्ष में परीक्षा पास करने के छह महीने बाद भी नौकरी नहीं मिल सकी है।

## जरूरी खबर

### धनखड़ कल करेंगे युद्धपोत 'महेंद्रगिरि' का जलावतरण



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शुक्रवार को मुंबई का दौरा करेंगे जहां वह युद्धपोत 'महेंद्रगिरि' के जलावतरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार, धनखड़ अपनी पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ के साथ एक सितंबर, 2023 को मुंबई का दौरा करेंगे। वे मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड में बनाए जा रहे युद्धपोत 'महेंद्रगिरि' के जलावतरण समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। एमडीएल द्वारा निर्मित 'महेंद्रगिरि' चौथा युद्धपोत है और भारतीय नौसेना की परियोजना 17ए के तहत बनाया जा रहा सातवां 'स्टील्थ फ्रिगेट' है।

### कारखाने से गैस रिसाव के बाद 5 श्रमिकों की मौत

**मुरैना (मध्य प्रदेश)।** जिले में स्थित एक खाद्य प्रसंस्करण कंपनी में बुधवार को कारखाने से निकली संदिग्ध जहरीली गैस की चपेट में आकर तीन भाइयों सहित पांच श्रमिकों की मौत हो गई। घटना जिले के धनेला इलाके में स्थित साक्षी फूड प्रोडक्ट्स के कारखाने में हुई। कुश्वाह ने बताया कि सभी श्रमिकों को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। कारखाने में खाद्य उत्पादों में इस्तेमाल होने वाले चेरी और शुगर फ्री रसायन का निर्माण होता है। सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) भूपेन्द्र सिंह कुशवाह ने पीटीआई-भाषा को बताया कि पूर्वाह्न करीब 11 बजे खाद्य प्रसंस्करण कारखाने के एक टैंक से गैस निकलने लगी, जिसकी जांच करने दो मजदूर उसमें घुसे लेकिन चपेट में आकर बीमार हो गए।

### नूंह हिंसा: बिट्टू बजरंगी को जमानत मिली

**गुरुग्राम/नूंह।** इस महीने की शुरुआत में नूंह में हुईं सांप्रदायिक झड़पों के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए कथित गौरक्षक बिट्टू बजरंगी को बुधवार को एक अदालत ने जमानत दे दी। बजरंगी को 17 अगस्त को नूंह की अदालत में पेश किया गया जिसके बाद उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। वह फरीदाबाद जिले में स्थित नीमका जेल में बंद है। नूंह पुलिस ने बताया कि बुधवार को बजरंगी की जमानत अर्जी पर सुनवाई के बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) संदीप कुमार की अदालत ने उसे जमानत दे दी।

## रक्षा बंधन का उल्लास... पीएम व जवानों को बांधी राखी







*__नई दिल्ली।__ देश में रक्षाबंधन का पर्व बुधवार को उल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर पीएम नरेंद्र मोदी और विभिन्न सुरक्षा बलों के जवानों को भी राखी बांधी गई। नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी को राखी बांधती स्कूली छात्राएं। वहीं अगरतला में भारत-बांग्लादेश सीमा पर सीमा सुरक्षा बल के जवानों को राखी बांधती एक महिला। दक्षिण दिनाजपुर में सीमा सुरक्षा बल की महिलाकर्मियों ने भारत बांग्लादेश सीमा पर डांगी में बल के जवानों को राखी बांधी।*

## मणिपुर में हिंसा: केंद्रीय एजेंसी ने फिर दर्ज की FIR

# CBI ने संभाली 27 मामलों की जांच की जिम्मेदारी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने मणिपुर में जातीय हिंसा के सिलसिले में दर्ज 27 प्राथमिकियों की जांच की जिम्मेदारी संभाल ली है, जिनमें 19 मामले महिलाओं के खिलाफ अपराध के हैं। मणिपुर में लगभग चार महीने पहले शुरू हुई हिंसा में 160 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

सूत्रों ने बताया कि नवीनतम आंकड़ों के अनुसार सीबीआई ने अब तक राज्य पुलिस द्वारा उसे सौंपे गए 27 मामलों में फिर से प्राथमिकी दर्ज की है। इनमें, महिलाओं के खिलाफ अपराध के 19, भीड़ द्वारा शस्त्रागार में लूट के तीन, हत्या के दो और दंगे व हत्या, अपहरण तथा सामान्य आपराधिक षडयंत्र से संबंधित एक-एक मामला शामिल है। उन्होंने कहा कि एजेंसी ने इन मामलों को फिर से दर्ज किया है, लेकिन पूर्वोत्तर राज्य में मौजूदा स्थिति की संवेदनशीलता के कारण इनका विवरण सार्वजनिक नहीं किया है।

### CBI ने 53 अफसरों की टीम बुलाई

सीबीआई के शीर्ष अधिकारियों ने मामलों की जांच के लिए देश भर में अपनी विभिन्न इकाइयों से 29 महिलाओं सहित 53 अधिकारियों की एक टीम बुलाई, जिसके बाद जांच में तेजी आई है। सूत्रों ने कहा कि मणिपुर में जातीय आधार पर समाज के बंटे होने के चलते सीबीआई के समक्ष जांच के दौरान पक्षपात के आरोपों से बचने की चुनौती है। उन्होंने कहा कि सीबीआई ऐसे कई मामलों की जांच कर रही है, जिनमें अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम,



1989 के प्रावधान लगाए जा सकते हैं। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) स्तर के अधिकारी ही इन मामलों की जांच कर सकते हैं।

### निगरानी के लिए एसपी स्तर का अधिकारी तैनात

सूत्रों ने कहा कि चूंकि पुलिस उपाधीक्षक इन मामलों में पर्यवेक्षी (सुपरवाइजरी) अधिकारी नहीं हो सकते, इसलिए एजेंसी ने जांच की देखरेख और निगरानी के लिए पुलिस अधीक्षक रैंक के अपने एक अधिकारी को तैनात किया है।


### टीम में तीन DIG स्तर के अधिकारी

सूत्रों ने बताया कि टीम में तीन उपहानिरीक्षक (डीआईजी)- लवली कटियार, निर्मला देवी और मोहित गुप्ता तथा पुलिस अधीक्षक राजवीर भी शामिल हैं, जो समग्र जांच की निगरानी कर रहे एक संयुक्त निदेशक को रिपोर्ट करेंगे। यह अपनी तरह की पहली तैनाती मानी जा रही है जहां इतनी बड़ी संख्या में महिला अधिकारियों को एक साथ तैनात किया गया है। दो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और छह पुलिस उपाधीक्षक (सभी महिलाएं) भी 53 सदस्यीय दल का हिस्सा हैं।

## चंद्रयान-3: इसरो ने गिनाई एक और उपलब्धि

# 'स्माइल प्लीज': रोवर 'प्रज्ञान' ने खींची 'विक्रम' की तस्वीर






**एजेंसी** | बेंगलुरु

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने चंद्रयान-3 मिशन के 'प्रज्ञान' रोवर ने द्वारा 'विक्रम' लैंडर की खींची गई एक तस्वीर बुधवार को जारी की। यह तस्वीर रोवर पर लगे नेविगेशन कैमरा (नैवकैम) द्वारा ली गई है। अंतरिक्ष एजेंसी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, स्माइल प्लीज (कृपया मुस्कराएं)। प्रज्ञान रोवर ने बुधवार सुबह विक्रम लैंडर की तस्वीर खींची।

चंद्रयान-3 मिशन के लिए नैवकैम को इसरो की इकाई 'इलेक्ट्रो-ऑप्टिक्स सिस्टम लैबोरैटरी' द्वारा विकसित किया गया है। लैंडर और रोवर को एक चंद्र दिवस (पृथ्वी के 14 दिन के बराबर) तक कार्य करने के लिए विकसित किया गया है।

इस सप्ताह की शुरुआत में, इसरो ने विक्रम के साथ लगे चेस्ट उपकरण का पहला अवलोकन जारी किया था। चंद्रमा की सतह के तापीय व्यवहार को समझने के लिए चेस्ट (चंद्र सर्फेस थर्मोफिजिकल एक्सपेरिमेंट) उपकरण ध्रुव के चारों ओर चंद्रमा की ऊपरी मिट्टी के तापमान प्रालेख को मापने का कार्य कर रहा है। इसमें एक नियंत्रित प्रवेश तंत्र लैस तापमान जांच प्रणाली है जो सतह के नीचे 10 सेमी की गहराई तक पहुंचने में सक्षम है। इसमें 10 तापमान सेंसर लगे हैं। इसरो ने कहा है कि चंद्रयान-3 मिशन के तीन उद्देश्यों में से दो उद्देश्य- चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित 'सॉफ्ट लैंडिंग', और चंद्र सतह पर रोवर की चहलकदमी का प्रदर्शन- हासिल कर लिए गए हैं, जबकि चंद्र सतह पर वैज्ञानिक प्रयोगों से संबंधित तीसरे उद्देश्य को पूरा करने का कार्य जारी है।

## प्रज्ञानानंदा की नजर अब चैम्पियन बनने पर

# घर पहुंचने पर नायकों की तरह स्वागत

**एजेंसी** | चेन्नई

फिडे विश्व कप में रजत पदक जीतकर फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाले भारतीय शतरंज स्टार आर प्रज्ञानानंदा का स्वदेश पहुंचने पर बुधवार को भव्य स्वागत किया गया। प्रज्ञानानंदा ने कहा कि अगली बार वह चैम्पियन बनना चाहेंगे। तमिलनाडु के सीएम स्टालिन ने उन्हें 30 लाख रुपए और एक स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### सीएम स्टालिन ने दिए 30 लाख रुपए



### आनंद महिंद्रा देंगे 'एक्सयूवी 400'

महिंद्रा एंड महिंद्रा के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने प्रज्ञाननंदा को अपनी कंपनी का इलेक्ट्रिक वाहन एक्सयूवी 400 उपहार में देने की घोषणा की है। महिंद्रा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर यहजानकारी दी।

## दिग्विजय सिंह के खिलाफ FIR दर्ज

**दमोह।** जिले में एक जैन मंदिर को लेकर सोशल मीडिया पर कथित भ्रामक पोस्ट के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सिंह (76) ने 27 अगस्त को एक्स पर अपने आधिकारिक अकाउंट पर एक पोस्ट में दावा किया था कि बजरंग दल के कुछ कथित असामाजिक तत्वों ने 26 अगस्त की रात कुंडलपुर (दमोह में) में जैन मंदिर परिसर में तोड़फोड़ की और वहां एक शिवलिंग रखा।

## वकील की चैम्बर में गोली मारकर हत्या

*__गाजियाबाद।__ जिले के सिहानी गेट थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर तहसील कार्यालय परिसर में एक वकील की उसके चैम्बर में गोली मारकर कथित रूप से हत्या कर दी गई। वकील के शव को लेकर जाते पुलिसकर्मी।*




## सूर्य मिशन की तैयारियां अंतिम चरण में

# आदित्य-एल1 के प्रक्षेपण का पूर्वाभ्यास किया पूरा

**एजेंसी** | बेंगलुरु

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बुधवार को कहा कि सूर्य का अध्ययन करने से संबंधित मिशन 'आदित्य-एल1' के प्रक्षेपण का पूर्वाभ्यास और रॉकेट की आंतरिक पड़ताल पूरी हो चुकी है। इस मिशन को दो सितंबर को पूर्वाह्न 11.50 बजे श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया जाना है।

आदित्य-एल1 अंतरिक्ष यान को सूर्य के परिमंडल के दूरस्थ अवलोकन और एल1 (सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंजियन बिंदु) पर सौर हवा का वास्तविक अध्ययन करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंजियन



बिंदु पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर है। आदित्य-एल1 को पीएसएलवी-सी57 रॉकेट के माध्यम से प्रक्षेपित किया जाएगा। यह सूर्य के अध्ययन के लिए भारत का पहला समर्पित मिशन है जिसे इसरो ऐसे समय अंजाम देने जा रहा है जब हाल ही में इसने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 की सफल 'सॉफ्ट लैंडिंग' कराकर देश को गौरवान्वित करने वाला इतिहास रच दिया है।

### एल-1 की कक्षा से सूर्य का करेगा अध्ययन

इसरो ने रविवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, प्रक्षेपण की तैयारियां प्रगति पर हैं। आदित्य-एल1 मिशन का उद्देश्य 'एल1' के चारों ओर की कक्षा से सूर्य का अध्ययन करना है। इसमें विभिन्न तरंग बैंडों में सूर्य के प्रकाशमंडल, वर्णमंडल और सबसे बाहरी परत-परिमंडल का निरीक्षण करने के लिए सात उपकरण लगे होंगे। इसरो के एक अधिकारी ने कहा कि आदित्य-एल1 राष्ट्रीय संस्थानों की भागीदारी वाला पूर्णतः स्वदेशी प्रयास है।

### यह है मकसद

- सौर ऊपरी वायुमंडलीय (क्रोमोस्फीयर और कोरोना) गतिकी का अध्ययन।
- सौर कोरोना की भौतिकी और इसका ताप तंत्र।
- कोरोनल और कोरोनल लूप प्लाज्मा का निदान: तापमान, वेग और घनत्व।
- सी.एम.ई. का विकास, गतिशीलता और उत्पत्ति।
- उन प्रक्रियाओं के क्रम की पहचान करना जो कई परतों (क्रोमोस्फीयर, बेस और विस्तारित कोरोना) में होती हैं जो अंततः सौर विस्फोट की घटनाओं की ओर ले जाती हैं।

## जेल सुधार का मसला

# सुप्रीम कोर्ट ने चिकित्सा सुविधाओं पर मांगा ब्योरा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

जेलों में कैदियों की भीड़भाड़ की समस्या के मुद्दे से जुड़ी एक याचिका पर उच्चतम न्यायालय ने केंद्र और राज्यों से कैदियों के लिए चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता और उन्हें व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने के बारे में विवरण देने को कहा है। शीर्ष अदालत देश भर की 1,382 जेलों में व्याप्त कथित अमानवीय स्थितियों से संबंधित मामले की सुनवाई कर रही है।

न्यायालय ने केंद्र और राज्यों से डिजिटल रूप से अदालती कार्यवाही के संचालन के लिए पर्याप्त सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) बुनियादी ढांचे की उपलब्धता और जेल में बंद लोगों के परिवार के सदस्यों के मुलाकात के अधिकारों के बारे में विवरण देते हुए हलफनामा दायर करने को भी कहा। मामला जब मंगलवार को न्यायाधीश हिमा कोहली और न्यायाधीश राजेश बिंदल की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आया, तो उसने कहा कि छठी, सातवीं और आठवीं प्रारंभिक रिपोर्ट और पिछले साल दिसंबर की रिपोर्ट का अंतिम सारांश शीर्ष अदालत द्वारा नियुक्त जेल सुधार समिति की तरफ से पेश किया गया है। पीठ ने मंगलवार को इस मामले में न्याय मित्र (एमिकस क्यूरी) वकील गौरव अग्रवाल से भारत संघ और राज्य सरकारों के वकील के साथ रिपोर्ट की प्रतियां साझा करने के लिए कहा।

## लहरिया उत्सव: प्रदेश अग्रवाल महासभा राजस्थान की सामूहिक गोठ

# राधा-कृष्ण के नृत्य में झूमा 'लहरिया'

**बेधड़क.जयपुर।** लहरिया ओढ़े महिलाओं ने जब सावन और राधा-कृष्ण नृत्य किया तो हर कोई झूम उठा। मौका था प्रदेश अग्रवाल महासभा राजस्थान की ओर से सीकर रोड स्थित रामेश्वरम मैरिज गार्डन में आयोजति लहरिया उत्सव और सामूहिक गोठ का। इस मौके पर करीब एक हजार के आसपास समाज बंधुओं ने भाग लिया। इस दौरान रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दी गईं। इस मौके पर जहां समाज बंधुओं ने गोठ में सामूहिक भोज का आनंद लिया वहीं रक्तदान कर अपना सामाजिक दायित्व भी निभाया। दरअसल लहरिया उत्सव और सामूहिक गोठ के साथ ही इस मौके पर रक्तदान शिविर भी लगाया गया था, जिसमें समाजबंधुओं ने उत्साह से भाग लिया और जरूरतमंदों के लिए ब्लड डोनेट किया। इस दौरान रक्तदाताओं को स्मृति स्वरूप गिफ्ट व प्रशस्ति पद देकर सम्मानित भी किया गया।



### महाराजा अग्रसेन व कुलदेवी की पूजा से उत्सव का शुभारंभ

प्रदेशाध्यक्ष राधेष्याम अग्रवाल व महामंत्री मक्खनलाल कांडा ने बताया कि लहरिया उत्सव और सामूहिक गोठ का शुभारंभ रिबन काटकर व महाराजा अग्रसेन व कुलदेवी मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना कर किया गया। इस दौरान रीको निदेशक सीताराम अग्रवाल, कांग्रेस नेता गिरिराज गर्ग, प्रमुख समाजसेवी राकेश गुप्ता कलैंडर हाउस, पार्षद महेश अग्रवाल, मुख्य संस्थापक प्रकाश चन्द गुप्ता, राजेन्द्र मोदी, चेयरमैन राजेन्द्र ईटोंवाला, चैयरपर्सन शशि गुप्ता, अध्यक्ष राधेश्याम अग्रवाल, महामंत्री मक्खनलाल काण्डा, कोषाध्यक्ष नथमल बंसल, प्रदेश महिला अध्यक्ष मृदुला पंसारी, लखन गोयल आदि ने रिबिन काटा व पूजा की।




### उत्सव में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में प्रहलाद गुप्ता, महेश गोयल, अनुराधा अग्रवाल, रामअवतार अग्रवाल,दीपक गुप्ता, महेन्द्र पोद्दार, विनोद गोयल, राजेश अग्रवाल, मुकेश बंसल, दिनेश पोद्दार, दिलीप अग्रवाल,सीए, संजय अग्रवाल, विमल अग्रवाल भूत, उत्तम जिंदल, टिल्लू रूंडल, संजय गुप्ता, विश्वास गोयल, कृष्ण कुमार गुप्ता, राजेश नटराज, प्रेम गोयल, किशन अग्रवाल, दिनेश गुप्ता, प्रकाश मित्तल, दामोदर अग्रवाल, श्याम बिहारी सिंघल, हितेश अग्रवाल, सुमन गर्ग, प्रियंका अग्रवाल, अल्का अग्रवाल, अभिजीत गोयल, हिमांशु मंगल, मनोज गोयल आदि की भूमिका रही।

### निर्धन छात्र-छात्राओं की शिक्षा के लिए कोष की घोषणा

इस मौके पर समाज के निर्धन छात्र-छात्राओं की शिक्षा के लिए शहीद मेजर योगेश अग्रवाल जन कल्याण कोष के शुभारंभ की घोषणा की गई। प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज को एकता का परिचय देते हुए राजनीति में अपनी पहचान बनाने की बात कही। आगामी चुनावों में जो भी पार्टी अग्रबंधुओं को टिकट देगा महासभा उसे समर्थन देगी।

## श्रेयांशनाथ का निर्वाण लाडू चढ़ाया



**बेधड़क. जयपुर।** जनकपुरी-ज्योति नगर जैन मंदिर में बुधवार को आर्यिका विशेष मति माताजी के सानिध्य में तीर्थंकर श्रेयांश नाथ का निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि शांतिधारा करने तथा मुख्य निर्वाण लाडू मूल नायक पर त्रय छत्र चढ़ाने वाले सुभाष राजेश गर्ग परिवार फिरोजपुर झिरका वालों ने चढ़ाया। रक्षा बंधन विधान मण्डल पर चार दिशाओं में चार कलश, मुख्य कलश व अखण्ड ज्योति प्रज्वलन के बाद विष्णु व अकम्पनाचार्य मुनियों के पूजन के साथ सात सौ मुनिराजों के श्रीफल सहित सात सौ अर्घ्य श्रेष्ठियों की ओर से चढ़ाए गए। अर्घ्य वाचन आर्यिका माताजी, सविता दीदी शिखर चंद व किरण जैन ने किया। उपस्थित जनों ने भगवान नेमिनाथ के समक्ष संकल्प सूत्र बांध कर देव शास्त्र गुरु की रक्षा का संकल्प कर रक्षा बंधन मनाया। शाम को आरती के बाद 48 दीपक से सामूहिक भक्तामर दीप अर्चना की गई।

## भक्ति से कल्याण निश्चित है



**बेधड़क. जयपुर।** वृंदावन से आए बाल योगी बृजेश महाराज ने यस यस ग्रुप की ओर से आयोजित भागवत कथा के समापन पर कहा कि हर जीव जो सुदामा की तरह भगवान की भक्ति करता है, उसका कल्याण हो जाता है। उन्होंने कहा कि जीवन का सार ही ठाकुर जी की भक्ति करना है। इस कथा के सह आयोजक अशोक शर्मा को परिक्षित बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

## डामर सड़क का लोकार्पण किया



**बेधड़क. जयपुर।** समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष डॉ. अर्चना शर्मा ने टोंक फाटक गट्टे के पास स्लिप लेन की नई डामर सड़क का फीता काटकर लोकार्पण किया। यह सड़क अर्चना शर्मा की अनुशंसा से जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा बनाई गई है। इस अवसर पर मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारियों और स्थानीय निवासियों ने डॉ. अर्चना शर्मा का इस बड़ी समस्या के समाधान के लिए धन्यवाद दिया और उनका सम्मान किया।

# City इवेंट्स

## महिला मोर्चा ने सराफ को बांधी राखी



**बेधड़क. जयपुर।** वार्ड 135 एवं 141 महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ को राखी बांधी। इस अवसर पर महिला मोर्चा शहर महामंत्री अमरावती शर्मा, वार्ड अध्यक्ष बीना शर्मा, गीता खंडेलवाल, सुधा शर्मा, शीला नाथ, खेमलता कुमावत, कमला चौधरी, सुनीता, सोनू शर्मा, पूजा, उर्मिला शर्मा, सरस्वती, गीता,चांद देवी, कोयल सैनी, सरोज देवी, उषा कुमावत एवं अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।

## आफताब आज करेंगे सॉन्ग को प्रमोट




**बेधड़क. जयपुर।** शिवदासानी और एक्ट्रेस भाग्यश्री चौहान अपने अपकमिंग सॉन्ग 'बरसात' के प्रमोशन के लिए गुरुवार को जयपुर आएंगे। इस दौरान दोनों स्टार्स वैशाली नगर स्थित सीज्जलिन सीजर्स पर मीडिया से रूबरू होंगे। सीजर्स के सीईओ वनीश चुघ ने बताया कि इस मौके पर सॉन्ग के डायरेक्टर जयपुर निवासी अमन प्रजापत भी मौजूद रहेंगे। अमन ने बताया कि पूरा गाना जयपुर के खूबसूरत लोकेशन्स पर शूट किया गया है। इस गाने में बेवफाई और रुहानी इश्क का बेहतर तालमेल दर्शाया गया है जो दिलों को छूता है।

## डॉ. खानू खान बुधवाली अध्यक्ष नियुक्त




**बेधड़क. जयपुर।** एडहॉक कमेटी पेंचक सिलाट समिति राजस्थान का अध्यक्ष डॉ. खानू खान बुधवाली को नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष साक्षी शर्मा व महेश कायथ, महासचिव पूरणमल जाट, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र सारस्वत, संयुक्त सचिव प्रियंका ओला व भुनेश सैनी तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी रजत सिंह को बनाया गया है। इस मौके पर भारतीय पेंचक सिलाट महासंघ की र्यवेक्षक हेमलता मिश्रा, रिटर्निंग ऑफिसर प्रतिभा शर्मा मौजूद रहीं। पदाधिकारियों का कार्यकाल चार साल के लिए होगा।

## व्याख्यान माला: व्यंग्य संग्रह 'हास्यम् लास्यम्' वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज

# असहिष्णुता के दौर में व्यंग्य लेखन कठिन

**बेधड़क | जयपुर**

श्याम नगर स्थित विश्वगुरु दीप आश्रम द्वारा कवि संजय झाला के हास्य व्यंग्य संग्रह 'हास्यम् लास्यम्' के आलोक में संस्कृत भाषा में नवाचार-नवोन्मेष पर व्याख्यान माला आयोजित की गई। झाला का यह संग्रह वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हुआ है।


सिंपली जयपुर द्वारा प्रकाशित संग्रह के लिए वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड के राज्य प्रतिनिधि प्रथम भल्ला ने संस्कृत दिवस के अवसर पर बुधवार को लेखक संजय झाला सहित वरिष्ठ संस्कृत विद्वानों को रिकॉर्ड संबंधी प्रमाण पत्र सौंपा। व्याख्यानमाला में प्रो. बनवारी लाल गौड़ ने कहा कि पुस्तक में वेद वाक्यों की अनुकृति, भाष्य शैली और उपनिषदों-पुराणों की प्रश्नोत्तर शैली में झाला ने हास्य की संरचना की गई है। प्रो. दयानंद भार्गव ने कहा कि असहिष्णुता के दौर में हास्य-व्यंग्य लिखना सर्वाधिक कठिन काम है। अंशु हर्ष ने कहा कि सोशल मीडिया और युवा पीढ़ी को ध्यान में रखते हुए इसकी गई रचना है।



### संस्कृत के प्रति अभिरुचि पैदा करेगी पुस्तक

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रामसेवक दुबे ने कहा कि यह पुस्तक युवाओं में संस्कृत के प्रति अभिरुचि पैदा करने में बहुत ही सहायक होगी। पुस्तक तीन भाषाओं में रचित होने के कारण प्राय: सभी के लिए बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगी। महामंडलेश्वर ज्ञानेश्वर पुरी, सोमेन्द्र हर्ष तथा अंशु हर्ष ने विद्वानों का स्वागत किया। इस अवसर पर राजस्थान संस्कृत अकादमी की अध्यक्ष डॉ. सरोज कोचर, वैदिक विश्वविद्यालय, निंबाहेड़ा के कुलपति प्रो. ताराशंकर पांडेय, प्रो. श्रीकृष्ण शर्मा, डॉ. सुरेंद्र कुमार शर्मा एवं प्रो. विनोद बिहारी शास्त्री सहित अनेक विद्वान उपस्थित रहे। राजस्थान मंत्र प्रतिष्ठान के निदेशक डॉ. देवेंद्र शर्मा ने मंगलाचरण एवं शास्त्री कोसलेंद्रदास ने संचालन किया।

## सजाई भोले की विशेष झांकी



**बेधड़क. जयपुर।** मानसरोवर के सेक्टर 73 स्थित श्रीराम गोपेश्वर महादेव मंदिर में सावन माह के अंतिम दिन भी भोलेनाथ की भव्य झांकी सजाई गई। मंदिर के पुजारी आचार्य सुबोध ने बताया कि सावन माह की पूर्णिमा पर यह सजावट की गई है। इस मौके पर विशेष पूजन भी किया गया।

## जेकेके में 'स्पंदन' आज से

**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र में कला संसार के अंतर्गत 31 अगस्त से 1 सितंबर तक दो दिवसीय कार्यक्रम 'स्पंदन' का आयोजन किया जाएगा। इसमें संगीत, साहित्य और सिनेमा के क्षेत्र में योगदान रखने वाली हस्तियों की स्मृति में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी। 31 अगस्त को सायं 4 बजे कृष्णायन में पवन झा द्वारा गीतकार व साहित्यकार शैलेन्द्र पर तैयार डॉक्यूमेंट्री पेश की जाएगी, वहीं जय प्रकाश चौकसे पर वक्तव्य भी रहेगा। साहित्यकार अमृता प्रीतम को समर्पित वार्ता सत्र अप्रतिम अमृता में सायं 5 बजे कृष्णायन में होगा। 1 सितंबर को दो संवाद सत्र होंगे। प्रात: 10:30 बजे से 'टाइमलेस टेल्स वाया गार्डन ऑफ टेल्स' और अपराह्न 12:30 से 'लोक में बिज्जी अर बिज्जी रौ लोक' विषय पर विमर्श किया जाएगा। इस दौरान कवि दुष्यंत कुमार की कविताओं का पाठ भी किया जाएगा।

## ब्राह्मण महासंगम: सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा के लिए 3 को जयपुर में जुटेगा समाज

# एक ही रंग में रंगी नजर आएंगी 5100 महिलाएं

**बेधड़क | जयपुर**

सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए रामनिवास बाग में अल्बर्ट हॉल पर होने वाले विराट ब्राह्मण महासंगम के मौके पर 3 सितंबर को प्रात: 8:00 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसमें 5100 महिलाएं एक ही रंग की साड़ियों में नजर आएंगी। सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने बताया कि महासंगम की तैयारियां जोरों पर चल रही है। इसके लिए अलग-अलग समितियों का गठन किया गया है।




### पद्मनाभ करेंगे कलश यात्रा का पूजन

कलश यात्रा के लिए महिलाएं चांदनी चौक त्रिपोलिया गेट के अंदर एकत्रित होंगी। जयपुर राजपरिवार के पद्मनाभ सिंह मंगल कलश यात्रा का पूजन कर महिलाओं को कलश देकर रवाना करेंगे। ये महिलाएं कार्यक्रम स्थल पर कलश के साथ पहुंचेंगी। वहां बनाए हुए भगवान परशुराम जी के मंदिर में सामूहिक आरती में शामिल होने के बाद महासंगम का हिस्सा बनेंगी।

### यात्रा का स्वागत

ब्राह्मण महा संगम यात्रा जहां से गुजर रही वहीं पर यात्रा का स्वागत किया जा रहा है। बुधवार को लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) प्रदेश महासचिव एवं प्रवक्ता लोकजनशक्ति घनश्याम अवस्थी ने ब्राह्मण महा संगम यात्रा का स्वागत किया।



### महासंगम में आने का संकल्प लिया

शर्मा ने बताया कि महासंगम की तैयारियों में हजारों विप्र बंधु पूरे प्रदेश में पिछले 2 माह से जुटे हुए हैं। पूरे प्रदेश में बड़े-बड़े होर्डिंग व बैनर लगाए हुए हैं। वकील समुदाय, शासन सचिवालय के कर्मचारियों की मीटिंग करने के बाद एसएमएस हॉस्पिटल में डॉक्टरों की मीटिंग आयोजित की गई, जिसमें सभी डॉक्टरों ने ब्राह्मण महासंगम में आने का संकल्प लिया।

आइए खुद की नुमाइश जरा कम करें... जहां भी 'मैं' लिखा है, उसे 'हम' करें।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



### रूस के छह इलाकों को बनाया निशाना

## रूस पर यूक्रेन का बड़ा हमला





**मॉस्को।** रूसी अधिकारियों ने यूक्रेन पर बुधवार तड़के देश के छह क्षेत्रों को ड्रोन से निशाना बनाने का आरोप लगाया। यह लगभग 18 महीने पहले यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद से रूसी धरती पर सबसे बड़ा ड्रोन हमला प्रतीत होता है। स्थानीय गवर्नर और मीडिया की खबरों के मुताबिक यूक्रेनी ड्रोन ने सबसे पहले रूस के पश्चिमी स्कोव क्षेत्र के एक हवाई अड्डे को निशाना बनाया, जिससे वहां भीषण आग लग गई। रक्षा मंत्रालय के अनुसार कई ड्रोन मार गिराए गए। 'तास' ने एक हवाई अड्डे पर हुए ड्रोन हमले में चार आईएल-78 परिवहन विमान क्षतिग्रस्त हो गए।

### अफ्रीका के एक और देश गैबॉन में तख्तापलट...

## मौजूदा शासन खत्म... सेना ने ली सत्ता की कमान हाथ में

**एजेंसी** | लिब्रेविल

नाइजर के बाद अफ्रीका के एक और देश में तख्तापलट की खबर आ रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बुधवार को गैबॉन सैनिक टेलीविजन पर आए और घोषणा की कि वे 'वर्तमान शासन को समाप्त कर रहे हैं।'

उन्होंने उस मतदान को रद्द करने का भी ऐलान किया जिसके नतीजों के अनुसार राष्ट्रपति अली बोंगो ओन्डिम्बा ने जीत हासिल की थी। रिपोर्ट के अनुसार जिस समय घोषणा की जा रही थी, उस समय गैबोनीज की राजधानी लिब्रेविल में गोलियों की आवाजें सुनी गईं। चुनाव परिणामों को रद्द करने की घोषणा करते समय एक सैनिक ने कहा कि 'गणतंत्र की सभी संस्थाएं' भंग कर दी गई हैं। एक सैनिक ने टीवी चैनल गैबॉन 24 पर कहा, 'हमने मौजूदा शासन को समाप्त करके शांति की रक्षा करने का फैसला किया है।'



### चुनाव के नतीजे किए रद्द

सैनिक कहा, 'इस उद्देश्य से, 26 अगस्त 2023 के आम चुनाव और काटे गए नतीजे रद्द किए जाते हैं, गणतंत्र की सभी संस्थाएं भंग कर दी गई हैं: सरकार, सीनेट, नेशनल असेंबली और संवैधानिक न्यायालय. उन्होंने देश की सीमाओं को 'अगली सूचना तक' बंद करने की घोषणा की। घोषणा करने वाले सैनिकों में रिपब्लिकन गार्ड के सदस्यों के साथ-साथ नियमित सेना के सैनिक और पुलिस अधिकारी भी शामिल थे। रिपोर्ट के अनुसार यह बयान गैबॉन 1 सार्वजनिक टेलीविजन पर भी प्रसारित किया गया।

### चुनाव के तुरंत बाद सैन्य शासन

यह घोषणा राष्ट्रीय चुनाव प्राधिकरण के यह कहने के तुरंत बाद आई कि बोंगो ने शनिवार को हुए चुनाव में 64.27 प्रतिशत वोट के साथ तीसरी बार जीत हासिल की है। नतीजों के मुताबिक, बोंगो के प्रतिद्वंद्वी अल्बर्ट ओन्डो ओसा को 30.77 फीसदी वोट मिले थे। ओन्डो ओसा ने चुनाव समाप्ति से पहले जीत का दावा करते हुए 'बोंगो खेमे द्वारा की गई धोखाधड़ी' की निंदा की थी। ओन्डो ओसा के अभियान प्रबंधक माइक जॉक्टेन ने सोमवार को बोंगो से "बिना रक्तपात के" सत्ता सौंपने का आह्वान किया था।

### पाकिस्तान: बिजली हुई 64 रुपए प्रति यूनिट

## खुदकुशी को मजबूर लोग

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पूरे पाकिस्तान की जनता महंगाई से त्रस्त है। ऐसे में बिजली बिल को लेकर हाहाकार मचा हुआ है और गृह युद्ध तक का खतरा जताया जा रहा है। जनता आत्महत्या करने को मजबूर हो रही है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक देश में बिजली की कीमत 64 रुपए प्रति यूनिट तक पहुंच गई है। रिकॉर्ड महंगाई के बीच बिजली की बढ़ती कीमतों ने जनता की कमर तोड़ दी है।

यही वजह है कि राजनीतिक अनिश्चितता के बीच बिजली बिल को लेकर पूरे देश में भारी विरोध प्रदर्शन हो रहा है। देश के कई इलाकों में तो हिंसा भी शुरू हो गई है और बिजली चोरी की घटनाएं भी बहुत बढ़ती जा रही हैं। सरकार ने आईएमएफ से 3 अरब डॉलर का कर्ज लिया है। देश को डिफॉल्ट होने से बचाया जा सके। अब आईएमएफ की शर्तों के मुताबिक पाकिस्तान की सरकार को बिजली की दरों में भारी बढ़ोतरी करनी पड़ी है।



### शरीफ के समझौते का नतीजा

पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक जहां पहले जिन लोगों के बिजली के बिल 2 हजार से 2500 तक आते थे, वे अब बढ़कर 10 हजार रुपए से भी ज्यादा हो गए हैं। इससे पहले से ही महंगाई से जूझ रही जनता बेहाल हो गई है। आलम यह है कि बिजली के भारी बिल की वजह से एक व्यक्ति को खुदकुशी करनी पड़ी है। बताया जा रहा है कि बिजली के कुल बिल पर अब 48 फीसदी का टैक्स लगाया गया है। पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने आईएमएफ के साथ जो वादा करके लोन लिया था, उसका खामियाजा अब जनता को भुगतना पड़ रहा है।

### पीएम ने बुलाई आपात बैठक

पाकिस्तान में हो रहे भारी विरोध प्रदर्शन को देखते हुए केयर टेकर प्रधानमंत्री अनवार उल हक काकर ने एक आपात बैठक बुलाई और 48 घंटे के अंदर बिजली की दरों में कमी लाने के लिए कहा है। केयर टेकर पीएम ने कहा कि हम हड़बड़ी में कोई ऐसा कदम नहीं उठाएंगे, जिससे देश को नुकसान पहुंचे। हम ऐसे कदम उठा रहे हैं, जिससे हमारे राष्ट्रीय खजाने पर और ज्यादा भार नहीं पड़े। यह संभव नहीं है कि जनता परेशानी में जूझ रही है और उच्चाधिकारी तथा पीएम मुफ्त बिजली ले रहे हैं। पाकिस्तान में बिजली के बिल की हालत यह है कि यह कई इलाकों में लोगों की आय से भी ज्यादा हो गई है।

### इमरान की जेसी 13 तक बढ़ाई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक विशेष अदालत ने गोपनीय संदेश के कथित खुलासे से संबंधित मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की न्यायिक हिरासत बुधवार को 13 सितंबर तक बढ़ा दी। सुनवाई करने के लिए पंजाब की अटक जेल पहुंचे न्यायाधीश ने गोपनीय संदेश से संबंधित गुम दस्तावेज के मामले में यह आदेश दिया। इस दस्तावेज को खान ने पिछले साल अपदस्थ होने से पहले एक राजनीतिक रैली के दौरान लहराया था।

### ब्रिटेन: 'गलत' उड़ान डेटा से बिगड़ी थी हवाई यातायात प्रणाली

## यात्री फंसे रहे हवाई अड्डों और विमानों में

**एजेंसी** | लंदन

ब्रिटेन के हवाई यातायात नियंत्रण प्रमुख ने कहा है कि बड़े पैमाने पर व्यवधान का कारण "गलत" उड़ान डेटा था, जिससे हजारों यात्री हवाई अड्डों पर और विमानों में फंस गए, क्योंकि सैकड़ों उड़ानें रद्द कर दी गईं। इसका असर बुधवार को भी रहा। अफरातफरी से जुड़े "तकनीकी मुद्दे" का सामना करने वाली नेशनल एयर ट्रैफिक सर्विसेज (एनएटीएस) के मुख्य कार्यकारी मार्टिन रॉल्फ ने कहा कि प्रारंभिक जांच में पाया गया कि संबंधित विफलता गलत उड़ान डेटा का नतीजा थी, जिसकी प्रणाली द्वारा व्याख्या नहीं की जा सकी। उन्होंने सरकार के पिछले बयान को भी दोहराया कि यह साइबर हमले के कारण नहीं था।




रॉल्फ ने कहा, "समस्या की प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि यह हमें प्राप्त कुछ उड़ान डेटा से संबंधित है।" हवाई यातायात प्रमुख ने यात्रियों को आश्वस्त किया कि सोमवार दोपहर से सभी एनएटीएस प्रणाली "सामान्य रूप से" काम कर रही हैं, लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि गर्मी की छुट्टियों के दौरान वर्ष के विशेष रूप से व्यस्त यात्रा समय के दौरान संबंधित स्थिति का प्रभाव महसूस किया जा रहा है।


### चीन अड़ा हुआ है अरुणाचल वाले नक्शे पर

## जायज ठहरा रहा है अपनी हरकत को

**एजेंसी** | बीजिंग/नई दिल्ली

अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चीन को अपने नक्शे में दिखाने वाला चीन अब अपनी हरकत को जायज भी ठहरा रहा है। भारत की ओर से विरोध जताए जाने को उसने गंभीरता से नहीं लिया है और इसे सामान्य बात करार दिया है।

चीनी विदेश मंत्रालय ने बुधवार को कहा, 'चीन के नक्शे का 2023 एडिशन जारी करना सामान्य प्रक्रिया है। चीन की संप्रुभता और अखंडता का ध्यान रखते हुए नक्शा जारी किया है।' इस मसले पर पीछे हटने की बजाय उसने भारत को ही मसले को ज्यादा तूल न देने की सलाह दी है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा था कि इस तरह से चीन सीमा विवाद को और उलझा ही रहा है, जो बीते कई सालों से बढ़ा हुआ है। भारत सरकार ने कहा कि चीन के ऐसे दावों का कोई आधार नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, 'हमने कूटनीतिक माध्यमों से चीन के आगे कड़ा विरोध जताया है। उसने जो गलत नक्शा जारी किया है, उसका कोई आधार नहीं है और पूरी तरह से गलत है।'



### इस दुनिया के पार भी है संसार!

## मौत को मात देने वालों ने बताए अनुभव

**एजेंसी** | बेंगलुरू

शायद ही कोई हो, जो यह नहीं जानना चाहता हो कि मौत के बाद लोग कहां जाते हैं, आखिर वो कौन सी दुनिया है? इस संबंध में एक कैंसर विशेषज्ञ ने करीब पांच हजार ऐसे लोगों पर अध्ययन किया, जो मौत के मुंह से निकल जिंदा बचने में कामयाब हुए थे। शोध करने वाले डॉक्टर ने रिसर्च में ऐसे लोगों को शामिल किया था, जो मौत के बेहद करीब थे। उनका कहना है कि उन लोगों में जो अनुभव साझा किए थे उस पर यकीन करना मुश्किल था, लेकिन उनके कुछ अनुभव इस तरह के थे, यकीन ना करने की भी कोई वजह नहीं थी।



### ऑपरेशन के दौरान दिखी बराबर की छाया

ऐसी ही एक घटना वे बताते हैं कि एक महिला ऑपरेशन थिएटर में थी। डॉक्टर उसका ऑपरेशन कर रहे थे, हालांकि उसके बचने की उम्मीद बेहद कम थी। ऑपरेशन टेबल पर महिला के मुताबिक उसकी शरीर के बराबर की छाया ऑपरेशन थिएटर में मंडरा रही थी, उसने देखा कि डॉक्टर ने अपने हाथ में एक औजार पकड़ा था, हालांकि उसने तुरंत फेंक दिया। इस घटना का जिक्र जब उसने स्वस्थ होने के बाद डॉक्टर से किया तो वो भी हैरान था। सवाल यह था कि जो महिला मरणासन्न थी, उसने कैसे देख लिया कि डॉक्टर के हाथ में गलत औजार था?

### असीम शांति का हुआ अनुभव

एक अन्य घटना में दूसरी महिला के अनुभवों को साझा करते हुए वे बताते हैं कि वह महिला एक ऐसी सुरंग से गुजर रही थी, जिसमें तीव्र प्रकाश था। उस रास्ते से गुजरते समय उन लोगों से सामना हुआ, जो उससे जुड़े हुए लोग थे, लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी। उस महिला के मुताबिक ऐसा लगा कि मौजूदा दुनिया के अलावा कोई दूसरी दुनिया है, जहां उसे असीम शांति का अनुभव हुआ। उसे ऐसा लगा कि जैसे वही उसका घर हो।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl